WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 159 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नक्सलगढ़ में गूंजी शिक्षा की अलख, 16 स्कूल खुले तो 600 बच्चों ने लिया दाखिला

बीजापुर /नवप्रदेश। बीजापुर में जहां कभी बच्चों के हाथों में किताबों की जगह खालीपन था और हर कोने में डर की दस्तक होती थी, आज वहां नन्ही मुस्कानें पढ़ाई की नई सुबह का स्वागत कर रही हैं। नक्सल प्रभाव और पहाड़ी दुर्गमता से जूझते बीजापुर जिले के कोरचोली, तोड़का, एड्समेटा और बड़ेकाकलेड जैसे गांवों में पहली बार शिक्षा की दस्तक सुनाई दी है।

16 स्कूल, 600 से ज्यादा बच्चों के सपनों को मिली जमीनः बीजापुर प्रशासन ने 14 प्राथमिक और 2 माध्यमिक स्कूल खोलकर 600 से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। अधिकतर जगहों पर ये स्कूल झोपडियों और अस्थायी शेड्स में चल रहे हैं, लेकिन बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। उनका चेहरा कहता है, हम पढऩा चाहते हैं, हम आगे बढऩा चाहते हैं।

ड्रेस, बैग, किताबें ताकि कोई पीछे न छूटे : बच्चों को यूनिफॉर्म, किताबें और स्कूल बैग मुफ्त दिए गए हैं ताकि शिक्षा में कोई भी आर्थिक बाधा न आए। एक बच्चे की मां कहती हैं, 'पहले हमारे बच्चे जंगलों में भटकते थे, अब उन्हें कलम थमाई जा रही है। ये हमारे लिए सपना सच होने जैसा है।

वेंडे स्कूल दायकाल एक जनआंदोलन बना

इस बदलाव की नींव 'वेंडे स्कूल दायकाल नामक विशेष अभियान से रखी गई। कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में 2200 से अधिक शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और वालंटियर्स ने 600 गांवों में घर-घर जाकर लगभग 9650 ऐसे बच्चों की पहचान की, जो स्कूल से बाहर थे। इसके बाद बच्चों की उम्र के अनुसार माइक्रो प्लानिंग कर चरणबद्ध तरीके से उन्हें स्कूलों से जोड़ा गया।

जब सरकार पहली बार गांवों तक पहुँची

जिन गांवों में आज पढ़ाई हो रही है, वहां पहले कभी सरकारी तंत्र पहुंचा ही नहीं था। स्कूलों के माध्यम से पहली बार वहां सरकारी उपस्थिति दर्ज हुई। ये सिर्फ स्कूल नहीं, सरकार और लोगों के बीच विश्वास की वापसी का पहला कदम हैं।

शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं हो सकता

बीजापुर में यह पहल केवल स्कूल खोलने तक सीमित नहीं है, यह एक शांतिपूर्ण सामाजिक क्रांति है। बुद्धिजीवियों व अफसरों का मानना है कि शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं हो सकता, जो आने वाली पीढिय़ों को हिंसा से दूर रख सके। आज जब गांव के लोग अपने बच्चों को पढऩे जाते देख रहे हैं, तो वे न केवल गर्वित हैं, बल्कि इस बदलाव के साझेदार भी बन गए हैं। उन्होंने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा अब हमारे बच्चे किताबों से अपना भविष्य लिखेंगे।

शिक्षा ही असली बदलाव की चाबी है - बता दे जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति, सामाजिक सहयोग और जनभागीदारी एकजुट होती है, तब पहाड़ भी रास्ता बन जाते हैं। ये स्कूल केवल कक्षाएं नहीं हैं, ये आशा की नई दीवारें हैं, जिनके भीतर भविष्य आकार ले रहा है।

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं मारो घुटना फूटे आंख। चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूचि की जो गहन जांच करा रहा है उससे बिहार में तो सियासी बवाल मचा ही हुआ है। किन्तु बंगाल ज्यादा उबल रहा है बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर के खिलाफ अभी से मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ये न चलबो। दीदी का दर्द छलकना स्वाभाविक है। बंगाल में तो बहुत बड़ी संख्या में बंग्लादेशी और रोहिंग्या उनके वोट बैंक बने हुए हैं। यदि इन घुसपैठियों पर गाज गिर गई तो खिलाड़ी दीदी इस बार चुनाव में खेला कैसे कर पाएंगी।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन अस्पताल में भर्ती

चेन्नई(आईएएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को सोमवार को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल ने इसकी जानकारी साझा की है। बताया है कि फिलहाल वो चिकित्सकों की निगरानी में हैं और उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

अपोलो अस्पताल के मेडिकल सर्विसेज निदेशक डॉ. अनिल बी.जी. ने बताया कि मुख्यमंत्री को सुबह टहलने के वक्त हल्का चक्कर महसूस हुआ, जिसके बाद उन्हें ग्रेम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में उनकी जांच की गई। वर्तमान में वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, यह एक सामान्य सी स्थिति है।

माओवादियों ने की दो ग्रामीणों की निर्मम हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में 20-21 जुलाई की आधी रात में माओवादीयों ने दो ग्रामीणों की तेज धार धार हथियार से हत्या कर फरार हो गए है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20-21 जुलाई की आधी रात में थाना तर्रेम के ग्राम छूटवाई निवासी कवासी जोगा उम्र लगभग 55वर्ष एवं बड़ा तर्रेम निवासी मंगलु कुरसम उम्र 50वर्ष की 4-5 अज्ञात माओवादीयों द्वारा तेज धार धार हथियार से हत्या कर फरार हो गए हैं। थाना तर्रेम घटना की जाँच में जुट गई हैं, जिसके बाद हत्या के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

छह वर्षों में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हुई

नई दिल्ली (आईएएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद को बताया कि सरकार ने देश में बेरोजगारी दर को छह वर्षों में 6 प्रतिशत से घटाकर 3.2 प्रतिशत करने और महंगाई को छह वर्षों के निचले स्तर पर लाने के लिए कई उपाय किए हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त मंत्री ने बताया कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, साथ ही सस्टेनेबल रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है और विशेष रूप से गरीबों और युवाओं के बीच घरेलू आय में सुधार किया जा रहा है।

लोकसभा व राज्यसभा का मानसून सत्र के पहले दिन भारी हंगामा

'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में 9 और लोकसभा में 16 घंटे होगी बहस

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद के मानसून सत्र का सोमवार से आगाज हो गया है। पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों में हंगामा हुआ, जिस वजह से सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा। इस बीच, संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर6 पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे इस मुद्दे पर बहस होगी। जानकारी के अनुसार, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विभिन्न विधेयकों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए समय निर्धारित किया गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे की चर्चा के लिए सहमति बनी है। इसके अलावा, 'भारतीय डाक विधेयक पर लोकसभा में 3 घंटे की चर्चा का समय तय किया गया है।

50वीं वर्षगांठ पर चर्चा की मांग

साथ ही 'आयकर संशोधन विधेयक पर लोकसभा में 12 घंटे तक विस्तृत चर्चा होगी। इसके अलावा, 'राष्ट्रीय खेल विधेयक पर 8 घंटे की चर्चा निर्धारित की गई है और 'मणिपुर बजट पर 2 घंटे की चर्चा होगी। शेष पृष्ठ 11 पर

22 मिनट में आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया: मोदी

मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति का, भारत के सैन्य के सामथ्र्य का रूप देखा है। भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 फीसदी हासिल किया। दुश्मन के घर में घुसकर 22 मिनट में आतंकियों के ठिकानों को नेस्तेनाबूद कर दिया। बिहार के कार्यक्रम के दौरान जो घोषणा की थी, बहुत ही कम समय में सेना वो कर के दिखा दिया। मेक इन इंडिया की ताकत पूरी दुनिया ने देखी है।

राहुल गांधी बोले- विपक्ष के सदस्यों को बोलने की अनुमति नहीं

मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'सवाल यह है कि रक्षा मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति है, लेकिन विपक्ष के सदस्यों, जिनमें मैं भी शामिल हूं, जो विपक्ष का नेता हूं, को बोलने की अनुमति नहीं है। यह एक नया दृष्टिकोण है। परंपरा कहती है कि अगर सरकार की ओर से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह दी जानी चाहिए।

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू, लोकसभा में 145, राज्यसभा में 63 सांसदों ने दिया नोटिस

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है।

जगदीप धनखड़ ने दिया उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा

■ स्वास्थ्य का दिया हवाला; राष्ट्रपति को सौंपा त्यागपत्र



नई दिल्ली/ए.। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने अपने इस्तीफे में लिखा, 'मैं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए और डॉक्टरों की सलाह का पालन करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं।

यह इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार है। मैं भारत की माननीय राष्ट्रपति को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मुझे लगातार सहयोग और एक शांतिपूर्ण कार्य संबंध प्रदान किया। यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा।

सांसदों से मिला स्नेह, विश्वास और अपनापन

उन्होंने आगे कहा, 'मैं माननीय प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद का भी आभार प्रकट करता हूं। प्रधानमंत्री का सहयोग मेरे लिए बेहद मूल्यवान रहा है और मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। धनखड़ ने कहा, मुझे माननीय सांसदों से जो स्नेह, विश्वास और अपनापन मिला, वह मेरे लिए सदा अमूल्य रहेगा और मेरी स्मृति में अंकित रहेगा। मैं इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और ज्ञान के लिए अत्यंत आभारी हूं।

भारत की प्रगति का साक्षी बनना गर्व की बात

उन्होंने आगे लिखा कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में भारत की अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति और असाधारण विकास का साक्षी बनना और उसमें सहभागी होना मेरे लिए गर्व और संतोष की बात रही है। हमारे राष्ट्र के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना मेरे लिए एक सच्चा सम्मान रहा है। जब मैं इस प्रतिष्ठित पद को छोड़ रहा हूं, तो मैं भारत के वैश्विक उत्थान और उसकी अद्भुत उपलब्धियों पर गर्व से भर जाता हूं, और उसके उज्ज्वल भविष्य में मेरी पूर्ण आस्था है।

एफ-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश

कॉलेज की बिल्डिंग पर गिरा 19 की मौत, 70 घायल

ढाका/ए.। बांग्लादेश वायु सेना का एक एफ-7 ट्रेनर विमान आज दोपहर करीब 1:30 बजे (भारतीय समयानुसार 1:00 बजे) ढाका के उत्तरा क्षेत्र में दियाबारी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि ये एयरक्राफ्ट माइलस्टोन कॉलेज के उत्तर कैंपस के अंदर स्थित स्कूल पर गिरा है, जिससे स्कूल और आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एफ-7 ट्रेनर विमान दोपहर एक बजकर 6 मिनट पर उड़ान भरी और इसके 24 मिनट बाद एक बजकर 30 मिनट पर क्रैश हो गया। हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि की, लेकिन दुर्घटना के कारणों या हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी नहीं दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एफ-7 एक चाइनिज विमान है।

डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर सेवानिवृत्त कर्मचारी से 32 लाख की ठगी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त तुषारकर देवांगन से अज्ञात साइबर अपराधियों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने और डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर करीब 32,54,996 की ठगी कर डाली। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित तुषारकर देवांगन जांजगीर में शंकर नगर कॉलोनी के निवासी हैं। उनके व्हाट्सएप नंबर पर अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को सरकारी एजेंसियों का प्रतिनिधि बताकर संपर्क किया और फर्जी डिजिटल अरेस्ट वारंट भेजा। आरोपियों ने दावा किया कि देवांगन

'हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें', सुप्रीम कोर्ट की ईडी को लताड़

■ कर्नाटक सीएम की पत्नी को दी राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जमकर लताड़ लगाई और ईडी के कथित राजनीतिक रूप से इस्तेमाल होने को लेकर तीखी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सीएम की पत्नी के खिलाफ दायर ईडी की याचिका को खारिज कर दिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। इस पर खुशी जताते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि आखिरकार न्याय हुआ और मुडा मामले का भी अंत हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर की तीखी टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने ईडी की याचिका पर सुनवाई की। ईडी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय ने कर्नाटक सीएम की पत्नी पार्वती के खिलाफ रूष्ड्र घोटाले में कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए।

ईडी का दावा-शराब घोटाले में चैतन्य को मिले 16 करोड़ 70 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को 16 करोड़ 70 लाख रुपए मिलने के साक्ष्य मिले हैं। ईडी के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय से जारी प्रेस बयान में कहा गया है कि 2019 से 2022 के बीच हुए शराब घोटाले में 25 सौ करोड़ की घोटाले की रकम से कई लोगों की जेब भरी गई।

बता दें कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 18 जुलाई को चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। चैतन्य को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), रायपुर के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय ने 5 दिनों के लिए यानी 22 जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

ईडी ने छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले में एसीबी/ईओडब्ल्यू, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ। करीब 2500 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया गया। ईडी जाँच से पता चला है कि चैतन्य बघेल शेष पृष्ठ 11 पर

शराब-घोटालाः सीए समेत 3 आरोपी ईओडब्ल्यू रिमांड पर

रकम की हेराफेरी मामले में होगी पूछताछ, साव बोले-कांग्रेस ने लखमा को बलि का बकरा बनाया

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाला केस में ईओडब्ल्यू ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें चार्टड अकाउंटेंट संजय कुमार मिश्रा, उसके भाई मनीष मिश्रा और अभिषेक सिंह शामिल हैं। अभिषेक आबकारी घोटाले के आरोपी अरविंद सिंह का भतीजा है। ईओडब्ल्यू ने चार्टड अकाउंटेंट अभिषेक समेत तीनों आरोपियों को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 5 दिन की रिमांड पर भेजा है। 26 जुलाई तक ईओडब्ल्यू पूछताछ करेगी। ईओडब्ल्यू का दावा है कि आरोपियों के पास घोटाले में लेन-देन, रकम की हेराफेरी और अहम दस्तावेज की जानकारी शेष पृष्ठ 11 पर

पूर्व सीएम के बेटे को ईडी ने किया गिरफ्तार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर कस्टोडियल रिमांड पर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। 22 जुलाई को चैतन्य बघेल की कस्टोडियल रिमांड खत्म हो रही है। 5 दिनों की पूछताछ के बाद उन्हें मंगलवार को दोपहर 3 बजे के बाद रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

1000 करोड़ से ज्यादा ब्लैक मनी की हैंडलिंग

ईडी के मुताबिक लीकर स्कैम में पूछताछ में शराब कारोबारी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू ने ईओडब्ल्यू को बयान दिया था कि, उसने और चैतन्य बघेल ने मिलकर 1000 करोड़ से ज्यादा घोटाले की रकम को हैंडल किया। यह कैश अनवर ढेबर ने दीपेन चावड़ा को पहुंचाया। यह पैसा बाद में राम गोपाल अग्रवाल को दिया गया। इसकी व्यवस्था चैतन्य बघेल के साथ मिलकर की गई और चैतन्य बघेल के कहने पर 1000 करोड़ में से 100 करोड़ नकद केके श्रीवास्तव को दिया गया। पप्पू बंसल ने पूछताछ में ये भी स्वीकर किया है कि शराब घोटाले से उसे 3 महीने में 136 करोड़ रुपए मिले हैं।

ईडी कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशव्यापी चक्का जाम आज

■ 33 जिलों में आर्थिक नाकेबंदी, रायपुर में नेशनल हाईवे करेंगे जाम, भूपेश-बैज-मंहत समेत नेता होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के खिलाफ सोमवार को प्रदेशभर में चक्का जाम करने का ऐलान किया है। कांग्रेस यह विरोध प्रदर्शन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कर रही है। कांग्रेस की ओर से बताया गया है कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रदेश के हर जिले के मुख्यालयों में सड़क जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। रायपुर जिले में वीआईपी चौक के पास नेशनल हाईवे को जाम किया जाएगा। इसके साथ ही धरसींवा में भी हाईवे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन होगा।

विपक्षी नेताओं को बनाया जा रहा निशानः कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार श्वष्ठ जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और डराने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि शराब घोटाले के नाम पर चल रही जांच का असली मकसद कांग्रेस को कमजोर शेष पृष्ठ 11 पर

रियासी में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर भूस्खलन, एक श्रद्धालु की मौत

जम्मू/ए.। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के पुराने यात्रा मार्ग पर सोमवार सुबह भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह भूस्खलन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में हुई भारी बारिश के कारण हुआ है। यह घटना सुबह लगभग 8.50 बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई। यह यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है। यहां ज्यादातर टट्टू सवार पुराने मार्ग पर इकट्ठा होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और चार फंसे हुए तीर्थयात्रियों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन हो गया, जिससे पिट्ठू पालकी काउंटर पर सात श्रद्धालु घायल हो गए।

अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बचाव अभियान जारी था। श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के बाणगंगा क्षेत्र में भूस्खलन हुआ है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अनुसार, मलबा हटाने का कार्य जारी है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

इनमें से तीन को गंभीर स्थिति में नारायणा अस्पताल भेजा गया है, जबकि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। फिलहाल यात्रा को दोपहर 1 बजे तक के लिए रोका गया है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि यात्रा की योजना बनाने से पहले मौसम और स्थिति की जानकारी जरूर लें। अभी तक किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। श्राइन बोर्ड के सीईओ सचिन शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चल रहा है और ट्रैक से मलबा हटाने का काम भी किया जा रहा है ताकि यात्रा जल्द से जल्द सुरक्षित रूप से बहाल हो सके। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन को लेकर भाजपा विधायक बलदेव राज ने कहा कि यह कोई अचानक हुआ हादसा नहीं, बल्कि देश के कई हिस्सों में आई बाढ़ जैसी ही एक प्राकृतिक आपदा का हिस्सा है।

पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत बड़ी कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए

नई दिल्ली(आईएएनएस)। वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम (पीएमआईएस) के पहले दो चरणों के दौरान देश की शीर्ष कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए। वित्त मंत्री ने एक लिखित उत्तर में बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में, साझेदार कंपनियों ने देश भर के पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए। इसके सापेक्ष, लगभग 1.81 लाख उम्मीदवारों से 6.21 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। साझेदार कंपनियों ने 60,000 से ज्यादा उम्मीदवारों को 82,000 से ज्यादा इंटर्नशिप के प्रस्ताव दिए, जिनमें से 28,000 से ज्यादा उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए और 8,700 से ज्यादा उम्मीदवार उनकी इंटर्नशिप में शामिल हुए। उन्होंने आगे बताया कि 9 जनवरी, 2025 को शुरू हुई पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट परियोजना के दूसरे दौर में, लगभग 327 साझेदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (नए और पिछले दौर के संपादित खाली अवसर) पोस्ट किए हैं। इस दौर में 2.14 लाख से अधिक आवेदकों से 4.55 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। 17 जुलाई, 2025 तक, साझेदार कंपनियों ने युवाओं को 71,000 से अधिक प्रस्ताव दिए हैं और 22,500 से अधिक प्रस्ताव स्वीकार किए जा चुके हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, ÷वर्तमान में, प्रस्तावों की शुरुआत और इंटर्न द्वारा स्वीकृति/ज्वाइनिंग की प्रक्रिया जारी है।

मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने मीडिया को किया संबोधित

ऑपरेशन सिंदूर रहा कामयाब, आतंकियों के ठिकानों को किया जमींदोज: पीएम मोदी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्रकारों को संबोधित किया। डिफेंस, इकोनॉमी, नक्सलवाद समेत कई विषयों पर विचार साझा कर कहा कि ये सत्र विजयोत्सव का है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 फीसदी पूरा किया गया। आतंकी आकाओं के घर जाकर 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत उनके ठिकानों को जमींदोज किया गया। हमने यह सिद्ध करके दिखा दिया। इस अभियान के दौरान मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है। विश्व भर में मेड इन इंडिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि ये मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह मानसून राष्ट्र के लिए विजयोत्सव का रूप है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का तिरंगा का लहराना हर देशवासी के लिए गौरव का पल है। देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार के प्रति नया उमंग और उत्साह भरने वाली यात्रा रही है। पूरे संसद, दोनों सदन और देशवासी जिस गौरव का अनुभव कर रहे हैं, उसमें एक स्वर से जुड़ेंगे और इसका यशगान होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कई प्रकार की हिंसक वारदातों का शिकार रहा है, चाहे आतंकवाद हो या नक्सलवाद। कोई शुरुआत में हुआ, कोई बाद में, आज नक्सलवाद-माओवाद का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है।

इसे जड़ से उखाड़ने के संकल्प के साथ एक नए आत्मविश्वास और तेज गति से सफलता की ओर कदम रख रहे हैं। मैं गर्व से कह सकता हूं कि देश में सैकड़ों जिले आज मुक्ति की सांस ले रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह सत्र केवल कानून बनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की प्रगति और गौरव को विश्व पटल पर स्थापित करने का उत्सव है।

'ग्रीन ग्रोथ जोन' उज्ज्वल भविष्य का संकेत

पीएम मोदी ने कहा कि बम, बंदूक और पिस्तौल के सामने भारत का संविधान विजयी हो रहा है। पहले जो क्षेत्र 'रेड कॉरिडोर' के नाम से जाने जाते थे, वे अब 'ग्रीन ग्रोथ जोन' में बदल रहे हैं, जो देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। वहीं, आर्थिक प्रगति को लेकर उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में दसवें स्थान पर था, लेकिन आज यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने इस प्रगति को देश की मेहनत और नीतियों का परिणाम बताया।

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को लोकसभा में श्रद्धांजलि

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को संसद ने सोमवार को श्रद्धांजलि दी। वहीं, अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को भी मॉनसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा ने श्रद्धांजलि दी है।

डॉ. ऐनुल बरौलवी को मिला नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड-2025

छपरा/नवप्रदेश। नबी मोहम्मद कॉलोनी ब्रह्मपुर , छपरा निवासी हिंदी , भोजपुरी और उर्दू के नामचीन शायर , अदीब और समाजसेवी डॉ. ऐनुल बरौलवी को नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड-2025 से नवाज़ा गया है। नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस 18 जुलाई को डॉ. ऐनुल बरौलवी को यह अवार्ड मिला है। यूनाइटेड वर्ल्ड पीस काउंसिल (यू डबल्यू पी सी) द्वारा वर्चुअल सेमिनार वर्ल्ड पीस एंड सोशल जस्टिस विषय पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर डॉ.ऐनुल बरौलवी को यूनाईटेड वर्ल्ड पीस काउंसिल की ओर से उनके ग्लोबल लीडरशिप , वर्ल्ड पीस , सोशल जस्टिस एवं मानवता के लिए उल्लेखनीय कार्य करने हेतु नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड -2025 से सम्मानित किया गया है। यूनाइटेड वर्ल्ड पीस काउंसिल यह वर्चुअल सेमिनार ग्लोबल अवार्ड एण्ड रिकॉग्निशन काउंसिल तथा दूसरे इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर आयोजित किया था। चेयरमैन , ग्लोबल अवार्ड एण्ड रिकॉग्निशन काउंसिल इस आयोजन के सूत्रधार हैं। विदित हो कि डॉ ऐनुल बरौलवी बज़्म-ए-हबीब (साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था) और हबीब भोजपुरी विकास मंच (साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान) के संस्थापक सचिव हैं। जिसके माध्यम से देश-विदेश के लोगों को साहित्यिक , सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु निरंतर सम्मानित किया जाता है।

ममता बनर्जी के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुको में सुनवाई टली

नई दिल्ली (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 4 हफ्ते बाद निर्धारित की है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि इस अवमानना मामले में अभी अटॉर्नी जनरल से सहमति मिलने का इंतजार है, इसलिए सुनवाई को स्थगित करने की मांग की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। यह याचिका आत्मदीप नाम की संस्था ने दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार के चलते कई शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने का आदेश दिया था, लेकिन ममता बनर्जी की सरकार ने इस आदेश का पालन नहीं किया। याचिका में दावा किया गया कि ममता बनर्जी ने 7 अप्रैल 2025 को अपने भाषण में ऐसी बातें कही थीं जो सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली थीं।

सदन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विपक्ष के मुद्दों पर चर्चा को तैयार हूं'

■ पहलगाम हमले सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विस्तृत बहस के लिए पूरी तरह तैयार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। लोकसभा के मानसून सत्र में सोमवार को बार-बार व्यवधान देखने को मिला। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर तत्काल चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके चलते लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 2 बजे तक।

हंगामे के बावजूद, केंद्र सरकार ने कहा कि वह विपक्ष की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन को आश्वासन दिया कि सरकार पहलगाम हमले सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विस्तृत बहस के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सांसदों को भरोसा दिलाता हूं कि सुरक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दे पर, चाहे चर्चा कितनी भी लंबी क्यों न हो, हम पूरी तरह से चर्चा के लिए तैयार हैं। जब भी स्पीकर समय देंगे, हम चर्चा में भाग लेंगे।

यह बात उन्होंने उस समय कही जब विपक्षी सांसदों ने पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसद में गैरहाजिरी पर सवाल उठाए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि दोपहर 2:30 बजे बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक होगी, जिसमें चर्चा के लिए मुद्दों की लिस्ट तय की जाएगी।

रिजिजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में यह तय हुआ था कि इस सत्र में ज्यादा से ज्यादा चर्चा होनी चाहिए। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष के सांसद सदन के वेल में आकर विरोध कर रहे हैं। सत्र के पहले ही दिन इस तरह का विरोध करना ठीक नहीं है। अगर किसी को कोई मुद्दा उठाना है तो उसे नियमों के तहत चर्चा करनी चाहिए।

इससे पहले, स्पीकर ओम बिरला ने शुरुआती व्यवधान के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा, तो ओम बिरला की गैरमौजूदगी में पीठासीन जगदंबिका पाल को सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए फिर से स्थगित करनी पड़ी।

मुंबई ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस वाहिद ने कहा-'हाईकोर्ट के फैसले से बेगुनाही साबित'

मुंबई(आईएएनएस)। मुंबई में वर्ष 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। ट्रेन विस्फोट मामले में आरोपी रहे डॉ. वाहिद शेख ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि 2006 में, एटीएस ने इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया था और मुझे भी आरोपी बनाया गया था। 13 निर्दोष लोगों को जेल में डाल दिया गया था। सत्र न्यायालय में नौ साल तक मुकदमा चला और 2015 में फैसला सुनाया गया।

दिल्ली हाईकोर्ट को मिले 6 नए जज, मुख्य न्यायाधीश ने दिलाई शपथ

नई दिल्ली(आईएएनएयस)। दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को 6 नए न्यायाधीशों ने शपथ ली। इनमें न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे, न्यायमूर्ति विवेक चौधरी, न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल, न्यायमूर्ति अरुण मोंगा और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला शामिल हैं। शपथ समारोह में दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने सभी नए जजों को शपथ दिलाई। इस नियुक्ति के बाद दिल्ली हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है, जबकि स्वीकृत पदों की कुल संख्या 60 है। ये सभी जज सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद अन्य हाईकोर्टों से दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किए गए हैं। न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव का नाम सबसे खास है, जो मई 2024 में कर्नाटक हाईकोर्ट गए थे और अब अपने मूल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट, में लौट आए हैं। उन्हें अप्रैल 2013 में दिल्ली हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज और मार्च 2015 में स्थायी जज बनाया गया था। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से आए हैं। उन्होंने 1988 में चंडीगढ़ में वकालत शुरू की थी और 2014 में सीनियर एडवोकेट बने। जुलाई 2017 में उन्हें अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति अरुण मोंगा राजस्थान हाईकोर्ट से स्थानांतरित हुए हैं। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से कानून की डिग्री ली और 1991 में वकालत शुरू की। 1997-98 में दिल्ली आए और अक्टूबर 2018 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जज बने।

उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक बरकरार रखी

सूचना मंत्रालय की कमेटी ने दिए 6 बदलाव के सुझाव

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राजस्थान के उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक बरकरार रखी है। इसके अलावा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पांच सदस्यीय जांच कमेटी ने फिल्म में छह बदलाव करने के सुझाव दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इन सुझावों की कॉपी याचिकाकर्ताओं को सौंपने और अगली सुनवाई 24 जुलाई को करने का निर्देश दिया है। तब तक फिल्म की रिलीज पर रोक जारी रहेगी।

दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर गठित जांच कमेटी ने फिल्म के डिस्क्लेमर में बदलाव, वॉयस ओवर जोड़ने और कुछ क्रेडिट फ्रेम हटाने की सलाह दी है।

इसके अलावा, सऊदी अरब में इस्तेमाल होने वाली पगड़ी के एआई-जनरेटेड सीन में बदलाव, नूपुर शर्मा के प्रतीकात्मक नाम 'नूतन शर्मा' को हटाकर नया नाम इस्तेमाल करने और उनके डायलॉग ÷मैंने तो वही कहा है जो उनके धर्म ग्रंथों में लिखा है÷ को हटाने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, बलूची समुदाय से जुड़े तीन डायलॉग भी हटाने को कहा गया है, जिनमें हाफिज, बलूची कभी वफादार नहीं होता , मकबूल बलूची की... अरे क्या बलूची, क्या अफगानी, क्या हिंदुस्तानी, क्या पाकिस्तानी जैसे डायलॉग शामिल हैं।

सीएम सिद्दारमैया ने भाजपा और जेडीएस से की माफी की मांग

बेंगलुरु(आईएएनएस)। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखने और ईडी के नोटिस को रद्द करने के बाद, मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भाजपा और जेडी(एस) से सार्वजनिक माफी की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोनों दल जनता से माफी मांगें, क्योंकि उन्होंने इस मुद्दे पर झूठे आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को कहा, अगर राज्य में भाजपा और जेडी(एस) के नेताओं में थोड़ी भी गरिमा और आत्मसम्मान बचा है, तो उन्हें एमयूडीए मामले में मेरे और मेरे परिवार पर लगाए गए झूठे आरोपों के लिए तुरंत जनता से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, जिसमें ईडी की उस अपील को खारिज कर दिया गया, जिसमें एमयूडीए साइट आवंटन मामले में मेरी पत्नी बी.एम. पार्वती की जांच की मांग की गई थी।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध का बढ़ता खतरा, 2050 तक ढाई गुना अधिक हो सकती है की लागत

नई दिल्ली(आईएएनएस)। एक नई स्टडी के मुताबिक, एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने के कारण न केवल मौतों की संख्या बढ़ सकती है, बल्कि इलाज की लागत भी मौजूदा 66 अरब डॉलर (लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये) प्रति वर्ष से बढ़कर 2050 तक 159 अरब डॉलर प्रति वर्ष हो सकती है। सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट के एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है। जब हम एंटीबायोटिक दवाओं का गलत या बहुत ज़्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो बैक्टीरिया उन दवाओं के खिलाफप्रतिरोधी हो जाते हैं। इन प्रतिरोधी बैक्टीरिया को सुपरबग्स कहते हैं जो सामान्य दवाओं पर असर नहीं होने देते। इससे अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या और इलाज की अवधि बढ़ जाती है और उनका इलाज भी ज़्यादा मुश्किल और महंगा हो जाता है। अध्ययन के अनुसार, यह समस्या खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ज्यादा गंभीर होगी, जहां संसाधन सीमित हैं।

लोकसभा | मानूसन सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण हुई बार-बार स्थगित

पहलगाम, ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को लेकर विपक्षी सांसदों ने की नारेबाजी

■ मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा

नई दिल्ली(आईएएनएस)। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले ही दिन हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर चर्चा सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। जिसके चलते लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसी बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सवाल ये है कि जो सदन में रक्षा मंत्री को बोलने देते हैं, उनके लोगों को बोलने देते हैं, लेकिन अगर विपक्ष का कोई नेता कुछ कहना चाहता है तो अनुमति नहीं है। मैं विपक्ष का नेता हूं, मेरा हक है, तो मुझे कभी बोलने ही नहीं देते हैं। ये एक नया एप्रोच है।'' उन्होंने आगे कहा कि परंपरा कहती है कि यदि सरकार की तरफसे लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह मिलनी चाहिए। हम दो शब्द कहना चाहते थे, मगर विपक्ष को इसकी इजाजत नहीं है। वहीं, पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों की नारेबाजी पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। आज बिजनेस एडवाइजरी कमेटी का टाइम तय किया हुआ है। ढाई बजे सारे मेंबर्स की बैठक होगी, जिसमें किस-किस मुद्दे पर चर्चा करनी है, ये तय होगा।

भाजपा का पलटवार : संसद नियम से चलती है

नई दिल्ली(आईएएनएस)। राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। इस पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, "संसद में बोलने की व्यवस्था संवैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार होती है।" शेखावत ने कहा, "सदन में व्यवस्था तय करने का अधिकार पीठासीन अधिकारी के पास है। लोकसभा अध्यक्ष ने सभी पक्षों से प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद उचित निर्णय लिया है। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को पहले दिन से ही उनके परिवार के विशेषाधिकार (प्रिविलेज) के कारण जो सुविधाएं मिलती रही हैं, अब वह नहीं मिल रही हैं, जिसका उन्हें दुख हो रहा है।"

संक्षिप्त खबरें

प्रदेश में अब तक 446.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 446.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 739.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 240.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 438.3 मि.मी., बलौदाबाजार में 439.1 मि.मी., गरियाबंद में 373.8 मि.मी., महासमुंद में 394.5 मि.मी. और धमतरी में 372.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 471.4 मि.मी., मुंगेली में 513.3 मि.मी., रायगढ़ में 570.9 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 598.6 मि.मी., कोरबा में 516.9 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 440.5 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 437.6 मि.मी., सक्ती में 538.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 368.5 मि.मी., कबीरधाम में 333.6 मि.मी., राजनांदगांव में 361.5 मि.मी., बालोद में 438.8 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 521.8 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 311.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 351.6 मि.मी., सूरजपुर में 569.3 मि.मी., जशपुर में 546.1 मि.मी., कोरिया में 532.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 490.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 509.1 मि.मी., कोंडागांव में 314.9 मि.मी., नारायणपुर में 347.2 मि.मी., बीजापुर में 505.1 मि.मी., सुकमा में 303.3 मि.मी., कांकेर में 403.2 मि.मी., दंतेवाड़ा में 425.6 मि.मी. और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

ललित सुरजन जयंती पर व्याख्यान आज

रायपुर/नवप्रदेश। देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा कल देश के प्रतिष्ठित पत्रकार-साहित्यकार-चिंतक, देशबन्धु पत्र समूह के प्रधान संपादक और देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष के संस्थापक स्व. ललित सुरजन की कल 22 जुलाई को जयंती के अवसर पर व्याख्यान एवं सम्मान समारोह आयोजित है। आईएएस एवं राज्य निर्वाचन आयोग के पूर्व आयुक्त डॉ. सुशील त्रिवेदी ''समकालीन पत्रकारिता और चुनौतियां'' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस समारोह में कोष के स्थापित अवार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। कृषि विज्ञान, ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल प्रबंधन पर विशेष दक्षता प्राप्त डॉ. जितेन्द्र सिन्हा को प्रो. विजयलक्ष्मी शर्मा स्मृति प्राध्यापक सम्मान, महिला उत्थान, शिक्षा, कुपोषण, आंगनबाड़ी आहार और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिव प्रसाद शर्मा स्मृति लोक सेवा सम्मान श्रीमती साधना दुग्गड़ को प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य के लिए स्थापित लक्ष्मीदेवी सुगंधी शिक्षक अवार्ड हेमंत खुंटे पिथौरा, एच.एस. भुवाल नारधा (धमधा) तथा छगनलाल सोनवानी रायपुर को प्रदान किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रायपुर उत्तर पुरंदर मिश्रा तथा अध्यक्षता राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास करेंगे। कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन स्मृति 'लोकायन' सभागार भाजपा कार्यालय के बाजू में शाम 4 बजे आयोजित है। पत्रकारों, साहित्यकारों एवं प्रबुद्धजनों को कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गई है।

समाज भी हमारा परिवार, यह बढ़ेगा तो हम भी बढ़ेगे: विशाखा

रायपुर/नवप्रदेश। जिस तरह हम अपने परिवार को आगे बढ़ाने और उसके विकास के बारे में सोचते हैं, उसी तरह समाज भी एक परिवार की तरह है, जिसे आगे बढ़ाने और उसके विकास के बारे में हमें सोचना होगा। समाज के लिए कुछ अच्छा करना होगा, तभी तो समाज आगे बढ़ेगा और हम भी। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने अमलीडीह महिला केंद्र की मासिक बैठक में के दौरान कही। विशाखा ने कहा कि महिलाएं घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करती हैं। इसके साथ समाज को समय देना अपने आप में वंदनीय कार्य है। महाराष्ट्र मंडल से जुड़ी महिलाएं, उसके महिला केंद्र की सदस्य सामाजिक गतिविधियों पर शामिल होकर समाज को सशक्त बनाने की दिशा में सतत् कार्य करती हैं। अमलीडीह केंद्र की संयोजिका और सह संयोजिकाओं की जिम्मेदारी इसे लेकर और अधिक बढ़ जाती है। क्योंकि जिन पर भरोसा होता है, उसे ही जिम्मेदारी दी जाती है। ऐसे में संयोजिकाओं और सह संयोजिकाओं की सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बैठक में पहुंची सखी निवास की प्रभारी नमिता शेष ने कहा कि समाज में रहकर समाज के लिए अच्छा कार्य करने का मौका सभी को नहीं मिल पाता। महाराष्ट्र मंडल की महिला सदस्यों को यह मौका मिला है। मैं आप सभी नए और पुराने सदस्यों से कहना चाहूंगी कि वे इस अवसर का लाभ अवश्य लें क्योंकि समाजसेवा ही एक ऐसा कार्य है, जहां निःस्वार्थ भाव से किया जाता है। निःस्वार्थ सेवा का लाभ भी हमें मिलता है।

वित्तमंत्री ने अटल परिसर, तहसील एवं उप-पंजीयक कार्यालय का किया लोकार्पण

रायपुर/ नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को सरिया में नवनिर्मित तहसील कार्यालय, उप-पंजीयक कार्यालय और अटल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने तहसीलदार कोमल साहू और उप-पंजीयक पूनम सिदार को उनके पदीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शुभकामनाएं दीं और विधिवत रूप से उन्हें उनके कार्यस्थल की कुर्सी पर आसीन कराया।

लोकार्पण समारोह के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया और सरिया चौक में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के साथ अटल परिसर का उद्घाटन भी किया गया।

मंगल भवन में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं और आमजन के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार के गठन के 12 दिनों के भीतर किसानों को दो वर्षों का लंबित बोनस दिया गया। पहले वर्ष धान खरीदी का भुगतान लगभग 13 हजार करोड़ रुपये और दूसरे वर्ष 12 हजार करोड़ रुपये किया गया। उन्होंने बताया कि सरिया क्षेत्र में किसानों की मांग पर अपेक्स बैंक की स्थापना की गई है और अब यहां रजिस्ट्री कार्यालय भी आरंभ हो गया है। साथ ही 100 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण कार्य भी तेज़ी से प्रगति पर है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राजनीति में आने का उनका उद्देश्य लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है और वे भ्रष्टाचार या कमीशनखोरी को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

केवल रिर्पोर्ट पर निर्भर न रहें, निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देखें: राज्यपाल डेका

❍ प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की राज्यपाल ने

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज राजभवन में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे केवल फील्ड रिर्पोर्ट पर निर्भर न रहें बल्कि निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देंखें।

राज्यपाल श्री डेका ने प्रदेश के पीएम जनमन क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की और संचालित कार्यो की जमीनी हकीकत देखने के लिए इन ग्रामों का दौरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को केन्द्र द्वारा तय सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। इन वर्गो तक मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि देना पहली प्राथमिकता है। जो योजनाएं संचालित है वे तय समय पर पूर्ण हो जाएं। पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में सुविधाएं पहुंचे इसके लिए सही एप्रोच जरूरी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सहयोग और समन्वय से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव एवं सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री डेका ने निर्देश दिया कि सतत् विकास की प्रक्रिया मे पर्यावरण को अनदेखा न किया जाए। जो विकास के कार्य हो रहे है, उसमें पेड़ों को बचाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर गंभीर होना है। जमीनी जल स्तर और वर्षा का मापन करे और उसके अनुसार योजनाएं बनाएं। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता दे।

राज्यपाल पीएम जनमन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य की जानकारी ली

बैठक मे राज्यपाल श्री डेका ने पीएम जनमन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि आंगनबाड़ीयों में लाइवलीहुड के लिए कार्य होना चाहिए। उन्होंने राज्य में स्व सहायता समूहों के गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में भी नवाचार को प्रोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में नवाचार करने वाले स्व सहायता समूहों को राजभवन द्वारा भी पुरूस्कृत किया जाएगा।

संघर्ष से सेवा तक: अखंड ब्राह्मण समाज ने पूरे किए 10 वर्ष

◎ हिंदी साहित्य विकास परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा एवं महापौर संजय पांडेय ने विप्रजनों को किया संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज ने 10वां स्थापना दिवस समारोह का किया आयोजन। यह समारोह रोहणी पुरम तालाब स्थित समाज के भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हिंदी साहित्य विकास परिषद के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि महापौर जगदलपुर श्री संजय पांडेय जी उपस्थित हुए।

दसवें स्थापना दिवस पर प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा एक पेड़ मां के तहत 30 पौधों का पौधा रोपण किया गया। साथ ही समाज द्वारा संचालित वाचनालय का वरिष्ठ विप्रजनों द्वारा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस वाचनालय की विशेषता यह है कि इसमें सभी बच्चों के लिए निःशुल्क 10वीं 12वीं विज्ञान आर्ट कॉमर्स सहित सभी विषयों के किताबें, छ्श्वश्व, ह्श्वश्वञ्ज, क्क्ष्ट, क्क्ष्ट के तैयारी हेतु मटेरियल पुस्तक, लॉ एवं कोर्ट के हेतु वकालत की पुस्तक उपलब्ध हैं। साथ ही जिन वरिष्ठ लोगों के विवाह के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनका भी सम्मान किया गया।

संगठन की प्रदेशाध्यक्ष भारती शर्मा ने संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारा संगठन विगत 10 वर्षों से समाज को संगठित करने और सामाजिक मूल्यों को समझने के लिए कार्य कर रहा है।

स्व सहायता समूह की दीदी आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर बन रही आत्मनिर्भर

■ समूहों से 1 लाख 24 हजार से अधिक महिलाएं जुड़कर कर रही है कार्य

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सभी विकास खंड में 11 हजार 559 स्व-सहायता समूह का गठन किया गया है। जिसमें 1 एक लाख 24 हजार 117 महिला सदस्य जुड़ी हुई हैं और ये महिलाएं विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन गयी हैं।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें स्व-सहायता समूह को 703 ग्राम संगठन एवं 32 संकुल संगठन के माध्यम से संगठित किया गया है। गठित स्व-सहायता समूह सदस्यों की आय में निरंतर वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास भी किए जा रहे हैं। महिलाओं को कृषि के माध्यम से बीज उपचार, प्राकृतिक खाद, द्रव जीवामृत, घन जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र, निर्माण एवं निरंतर प्रयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है, इस प्रकार से कृषि पशुपालन, मत्स्य पालन, किराना दुकान, ईंट निर्माण आदि विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हेतु प्रयास किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं जिसमें मुख्यतः कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, रेशम विभाग, रोजगार गारंटी योजना आदि में संचालित होने वाली योजनाओं से जोड़कर स्व-सहायता समूह सदस्यों की आय में वृद्धि हेतु प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सामुदायिक निधि के द्वारा समूह सदस्यों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही साथ बैंक के माध्यम से स्व-सहायता समूह का बैंक लिंकेज एवं मुद्रा लोन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में आजीविका गतिविधि हेतु राशि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता बढ़ती जा रही है।

महिलाएं गढ़ रहीं बेहतर कल

महतारी वंदन योजना बनी आर्थिक संबल

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई इबारत लिख रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि परिवार की जरूरतों में भी सहभागी बन रही हैं। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंडरीतराई निवासी श्रीमती रबीना पिस्दा जो एक गृहिणी हैं। उन्हें योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस राशि को वह अपने बेटे की शिक्षा और जरूरी घरेलू कार्यों में उपयोग कर रही हैं। इस वर्ष जब उनके बेटे का पहली कक्षा में प्रवेश हुआ, तो उन्होंने महतारी वंदन योजना की राशि से बेटे के लिए बस्ता, स्लेट, पेंसिल, जूते सहित अन्य शिक्षण सामग्री खरीदी। श्रीमती रबीना बताती हैं कि उनके पति कृषि कार्य करते हैं और वह स्वयं भी खेती में हाथ बंटाती हैं। पहले किसी भी प्रकार की बचत कर पाना मुश्किल था, लेकिन इस योजना से अब हर माह थोड़ी-बहुत राशि बचाकर वह अपने बेटे के उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत कर पा रही हैं।

अध्यात्म शाला का द्वितीय सत्र का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। श्री शांति कल्याण चातुर्मास संघ द्वारा अध्यात्म शाला का द्वितीय सत्र का आयोजन श्री अभिनंदन स्वामी जिनालय में किया गया लगभग 180 बालक-बालिकाओं ने उक्त शिविर में भाग लिया. कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों ने पिछले सप्ताह के टास्क के रूप में पेंटिंग, स्पीच, गीत आदि प्रस्तुत किए. अध्यात्म शाला में परम पूज्य मुनिराज श्री शोभन तिलक विजय जी म.साहब एवं साध्वी जी द्वारा बच्चों में संस्कार एवं परोपकार के बारे मे कहानियों के माध्यम से में जानकारियां दी. तत्पश्चात पूज्य मुनीभगवंत ने कहानी के आधार पर बच्चों से प्रश्न पूछे।

गरीबों पर बढ़ा बिजली बिल का भार: गोपाल

✷ स्मार्ट मीटर में तकनीकी दिक्कत, तत्काल समाधान करे सरकार-सूरज उपाध्याय

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगाया जा रहे हैं नए स्मार्ट मीटर की खामियों को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जो हर घर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं उसके दुष्परिणाम आने लगे हैं, स्मार्ट मीटर लगने के बाद जनता परेशान हो चुकी है जिन उपभोक्ताओं का बिल 300-400 रूपये आता था स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उनका बिल 1000-1200 रूपये आ रहा है। साथ ही बिजली वोल्टेज की समस्या भी परेशानी दे रही है जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो रहें हैं। दरअसल स्मार्ट मीटर भारत के के क्लाइमेट के हिसाब से नहीं बना है,स्मार्ट मीटर अभी तो समझ में नहीं आ रहा लोगों को जब टेंपरेचर बढ़ेगा गर्मी में तो मीटर और तेजी से घूमेगा और ज्यादा बिल आएगा स्मार्ट मीटर भारत के मौसम में फीट नहीं बैठता वह ठंडे प्रदेशों के लिए ठीक है।प्रदेश महासचिव (मीडिया,सोशल मीडिया,मुख्य प्रवक्ता) सूरज उपाध्याय ने कहा कि एक ओर तो सरकार डिजिटल तकनीक सुविधाओं को बढ़ाने का दावा करती है, लेकिन स्मार्ट मीटर की कमियों ने सरकार की इन दावों की पोल खोल दी है हालात ग्रामीण क्षेत्रों में और भी ज्यादा खराब है जहां गरीबों को बिजली का भारी बिल थमा दिया जा रहा है। स्मार्ट मीटरों में खामियों को लेकर हाल में कई उपभोक्ताओं ने शिकायतें की हैं। स्मार्ट मीटर का उद्देश्य बिजली उपभोग की सटीक निगरानी, ऑटोमैटिक रीडिंग और रियल-टाइम डेटा उपलब्ध कराना है, लेकिन कई जगह तकनीकी और संचालन संबंधी खामियाँ सामने आई हैं।

मलेरिया पैरासाइट को खत्म करने शत प्रतिशत स्क्रीनिंग करना अनिवार्य

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शासन की पहली प्राथमिकता

➧ प्रभावी कार्ययोजना बनाकर करें काम: आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला

रायपुर/ नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला अस्पताल सुकमा के सभाकक्ष में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख योजनाओं, उनके लक्ष्यों, प्राप्तियों और कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक है और मलेरिया को खत्म करने लिये शासन हर संभव प्रयास कर रही है।

मलेरिया पैरासाइट को खत्म करने के लिए शत प्रतिशत जनसंख्या का स्क्रीनिंग करना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि मलेरिया पॉजिटिव मरीज के ठीक हो जाने के बाद 1 महीने पश्चात फिर से उस मरीज का फॉलो अप करके ब्लड सैंपल लेकर जांच किया जाए। साथ ही छिन्दगढ़ और कोंटा विकासखंड के गांव मलेरिया के अधिक प्रभाव वाले स्थानों में आते हैं, यहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि फील्ड के अधिकारी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें और बुखार से पीड़ित व्यक्ति का मलेरिया जांच भी करना सुनिश्चित करें।

डॉ. शुक्ला ने जानकारी देते हुए कहा कि जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल भी मलेरिया मुक्त अभियान की तैयारियों और कार्यों का जायजा लेने के लिए बस्तर संभाग का भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हॉस्टल, आश्रम और गांवों में मच्छरदानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना जरूरी है।

उन्होंने मलेरिया नियंत्रण के लिए फील्ड में जाकर जागरूकता फैलाने और चिकित्सा कार्यों को और अधिक सघन करने के निर्देश दिए। डॉ. शुक्ला ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूरी मेहनत, पारदर्शिता और आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसके लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्यवाही जरूरी है।

सुविचार

किसी को उतना ही ज्ञान दो जितना वह समझ सके। भरी बाल्टी में पानी डालोगे तो वह बाहर ही गिरेगा। - अज्ञात

मानसूत्र सत्र की हंगामाखेज शुरूआत

संसद के मानसून सत्र के पूर्व सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी 51 राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से चर्चा की थी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि संसद की कार्यवाही अच्छे से चले यह सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ही जिम्मेदारी है इस बैठक में विपक्षी पार्टियों ने सत्र के दौरान जिन मुद्दो को उठाने की बात कही है उन सब पर सरकार चर्चा के लिए तैयार है। सर्वदलीय बैठक तो अच्छे माहौल में संपन्न हो गई लेकिन ससंद सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही हंगामा मचाना शुरू कर दिया। जैसी की संभावना थी संसद के मानसून सत्र का आगाज भारी हंगामें के साथ हुआ है। लोकसभा में जैसे प्रश्लकाल शुरू हुआ विपक्ष ने आपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा कराने की मांग और इस बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्रम मोदी से बयान देने की मांग को लेकर शोर सराबा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को आश्वासन दिया कि आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार है लेकिन वे प्रश्नकाल चलने दे क्योंकि प्रश्नकाल के दौरान देशभर के सांसद अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हैं किन्तु विपक्ष का हंगामा जारी रहा। नतीजतन पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए लोकसभा की कार्यवाही स्थगित की गई और बाद में भी जब विपक्ष का हंगामा नहीं रूका तो दोपहर दो बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में भी नेता प्रतिपक्ष मल्लिकाजुर्न खड़गे ने आपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार को घेरा और संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा तो वहां भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तकरार हुई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सदन में सत्ता पक्ष के लोगों को बोलने का भरपूर मौका दिया जाता है लेकिन विपक्ष की आवाज को दबाया जाता है। वे लोकसभा में विपक्ष के नेता है लेकिन उन्हें भी बोलने नहीं दिया जाता है। ऐसा ही आरोप कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लगाया है और सवाल उठाया है कि जब नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी बोलना चाहते हैं तो आखिर उन्हें बोलने क्यों नहीं दिया जा रहा है। कुल मिलाकर संसद के मानसून सत्र की जिस तरह हंगामाखेज शुरूआत हुई है उसे देखकर यही लग रहा है कि संसद के पिछले कई सत्रों की तरह ही यह मानसून सत्र ही कहीं हंगामों की भेंट चढ़कर न रह जाये।

पाकिस्तान के साथ मैच न खेलने का फैसला स्वागतेय

इंग्लैंड में लीजेंड्स क्रिकेट लीग खेली जा रही है जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाना था जिसे रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि इस टूर्नामेन्ट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के तीन सीनियर खिलाडियों का चयन किया गया था उसमें शामिल सिखर धवन ने पाकिस्तान के साथ मैच खेलने से यह कह कर इंकार कर दिया था कि उनके लिए देश का स्वाभिमान पहले है और खेल बाद में है। पाकिस्तान ने पुलवामा में आतंकी हमला कराकर यह साबित कर दिया है कि उसमें आतंक की राह नहीं छोड़ी है। इसलिए ऐसे आतंकवादी देश के साथ क्रिकेट खेलने का प्रश्न ही नहीं उठता। सिखर धवन के इंकार करने के बावजूद इंग्लैंड में भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर प्लेयरों ने पाकिस्तान के साथ मैच खेलने के लिए प्रैक्टिस करना शुरू कर दिया था किन्तु इसी बीच एक खबरिया चैनल पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच के विरोध में मुहिम चलाई गई जिसका असर यह हुआ की भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने भी भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच का विरोध करना शुरू कर दिया। नतीजतन अयोजकों को यह मैच रद्द करना पड़ा। निश्चित रूप से यह फैसला स्वागत योग्य है जो पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद की आग को भड़काने से बाज नहीं आ रहा है उसके साथ भारत को किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं रखना चाहिए। होना तो यह चाहिए था कि इस टूर्नामेन्ट के शुरू होने से पूर्व ही भारतीय क्रिकेट टीम के कर्णधारों को यह स्पस्ट कर देना था कि इस टूर्नामेन्ट में भाग तो लेंगे लेकिन पाकिस्तान के साथ कोई भी मैच नहीं खेलेंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ भौतिक सुख सुविधा को ही अगर प्रमुख मानकर बैठे हो, उनसे ही अनुराग है तो यह तुम्हारी बुद्धि को विकृत कर रहे हैं।

◆तुम विराट की संतान हो और विराटता से जीवन न जी पाए ? क्षुद्रता को स्वीकार कर लिया; आभास करें !! विचार करें !!

◆जो भी कर्म किए हो उसी कर्म को ले के पैदा हो जाओगे। वर्तमान कर्मवर्शत्त के रूप में जमा है वही लेकर तो पैदा होगे।

◆क्षुद्रता कभी परमात्मा को प्राप्त नहीं हो सकती, चाहे वो जिस रुप में हो।

अक्सर ऐसा सुनते होंगे न आपकी कृपा से सब है- घर है! द्वार है! बच्चे हैं! बस गुरु जी अब कुछ नहीं ऐसा आशीर्वाद दीजिए, शांति का आशीर्वाद दीजिएकृ! ओह !! सब भर चुका है बस वही खाली है और वह सोच रहा है, सोचता है सब भर चुका है। अरे सब गड़बड़ है! काश कि पहले उसी को भर लिया होता, किसी प्रबोध युक्त सद्गुरुलाइ में बैक पहले वांदि और निर्मलला को भर लिया होता तो फिर सुदामा के इतना सा भी धन तुम्हें सुख दे जाता, आनंद दे जाता।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)।1731 स्पेन ने विएना की संधि पर हस्ताक्षर किये। 1905 टाफ़्ट-कत्सुरु गुप्त समझौता हुआ। 1964 अफ्रीकी एकता संगठन की दूसरी बैठक आयोजित की गयी। 1992 कोलम्बियाई ड्रग लॉर्ड पाब्लो एस्कोबार अपनी आलीशान जेल से भाग गया और अगले 17 महीने रन पर बिताए। 1999 एमएसएन मैसेन्जर का पहला संस्करण माइक्रोसॉफ्ट द्वारा जारी किया गया। 2000 एरिजोना विश्वविद्यालय के खलोलविदों ने बृहस्पति के 17वें प्राकृतिक उपग्रह की खोज की। 2002 इजरायली रक्षा बलों ने हमास के सैन्य शाखा के नेता सलासाहेदे के घर पर एक बम गिराया, जिससे वह और उसके भाई मारे गए। 2003 इराक में हवाई हमले में तानाशाह सद्दाम हुसैन के दो बेटे मारे गए थे। 2010 स्टोनहेंज वर्ल्ड हेरिटेज साइट 50 वर्षों में एक प्रमुख स्मारक पर सबसे बड़ी खोज संभव नई हेगड़े की खोज की घोषणा करती है।

उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार

सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है।

संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है।

शोध अध्ययन भी बता रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है,लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफ्क्रि रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती है। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिल कर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इस अध्ययन के मुताबिक, इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। विधु शेखर और मिलन कुमार अपने शोध के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि राज्य

की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। विधु शेखर और मिलन कुमार को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। इस अध्ययन के अनुसार, बिहार के गांवों में जहां मृत्यु के आंकड़े अपडेट ना होने की वजह से फर्जी नाम ज्यादा हैं, वहीं शहरी इलाकों में पलायन के बावजूद नाम काटे नहीं गए हैं। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे। राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता हैं। इस शोध अध्ययन के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपासही बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो सतहत्तर लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन को आगे बढ़ाते हुए राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं। राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है,लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। पश्चिम बंगाल के सीमांचल के नजदीकी जिले बांग्लादेश से सटे हैं। इसकी वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है।

डॉ. ओम डहरिया
सहायक जनसंपर्क अधिकारी

वहीं किसानों के 5 एचपी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3,500 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसी तरह भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत राज्य के 5.65 लाख भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही दलहन एवं तिलहन फसलों समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 80 करोड़ रुपये तथा फसल बीमा योजना के लिए 750 करोड़ रुपये और मोटे अनाजों के साथ-साथ दलहन, तिलहन, बीज उत्पादन एवं वितरण के लिए कृषक समग्र विकास योजना के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह सरकार की किसान हितैषी नियत को दर्शाता है।

सरकार के नीतिगत फैसलों ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ के किसानों का मान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नीतिगत फैसलों एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हैं। इन नीतियों से प्रदेश के किसान निरंतर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदी कर न सिर्फ किसानों का मान बढ़ाया बल्कि किसानों को उन्नति की ओर ले जाने में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्य सरकार ने बीते 18 महीने में विभिन्न योजनाओं के तहत् लगभग सवा लाख करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरित की है। इन कल्याणकारी फैसलों और प्रोत्साहन से साल दर साल किसानों की संख्या, खेती-किसानी का रकबा और उत्पादन में वृद्धि हो रही है।

बता दें कि देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री साथ के नेतृत्त्व में प्रदेश सरकार की इन डेढ़ साल की अवधि में किसानों के हित में लिए गए नीति गत फैसलों से खेती-किसानी की नया सम्बल मिला है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों से बीते खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक 24.75 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी कर एक नया रिकार्ड कायम किया है। किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 32 हजार करोड रूपए का भुगतान एवं किसान समृद्धि योजना के माध्यम से मूल्य की अंतर की राशि 13,320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश के किसानों से रिकार्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई और धान खरीदी के एवज में किसानों को 34,500 करोड़ रूपए का तत्काल भुगतान किया गया तथा 12 हजार करोड़ रूपए की अंतर की राशि एकमुश्त सीधे किसानों के खातों में अंतरित किया गया।

राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वायदे को पूरा कर यह बता दिया है कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने का रास्ता खेती-किसानी से ही निकलेगा। राज्य सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी के साथ ही दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड रूपए का भुगतान करके अपना संकल्प पूरा किया, इससे प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर है। किसानो का मानना है कि राज्य सरकार के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार किसानों की हितैषी है। खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन कृषि ऋण 01 अप्रैल 2014 से उपलब्ध कराया जा रहा है। ऋण की अधिकतम सीमा 5 लाख रूपए तक है। फसल ऋण में नगद एवं वस्तु का अनुपात 60 अनुपात 40 है। सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से व्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए खरीफ वर्ष 2024 में 15.21 लाख किसानों को 6912 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर वितरित किया गया था। वर्ष 2025 में किसानों को 7800 करोड़ रूपए कृषि ऋण वितरित करने का लक्ष्य है। किसानों को 11 जुलाई की स्थिति में 5124 करोड़ रूपए कृषि ऋण वितरित किए गए हैं। यह किसानों के हित में क्रांतिकारी कदम है।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। कृषि विभाग के बजट में बीते वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए राज्य के बजट में भी कृषि के साथ-साथ ग्रामीण विकास को फोकस किया गया है। यहां धान और किसान एक-दूसरे के पर्याय है। पिछले वर्ष 149.25 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर राज्य के 25 लाख 48 हजार 798 किसानों से खरीदी की गई है। राज्य सरकार ने बजट में कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया, जिसका उद्देश्य कृषि समृद्धि को बढ़ावा देना है। केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के 26 लाख से ज्यादा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है। इस योजना में किसानों को तीन किश्तों में साल में 6 हजार रूपए की राशि केन्द्र सरकार के द्वारा सीधे किसानों के बैंक खातों में दी जा रही है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भींगी सी रुत

भींगी सी रुत, चली सुहानी, मौसम ने ली अंगड़ाई। मस्त सुगंधित उठी ,हिलोरे , पवन बसंती पुरवाई। नयन बिछाए बैठी गोरी,सुध बुध सारी भूल गई.. पिया मिलन की याद सखीरी,मन में बजती शहनाई।। रिक्त मन का आज कोना, सिलवटों का साया सभी। दे गया आवाज लेकिन , बेड़ियों की माया सभी । दर-बदर मौसम ये बदला, सुप्त रहता अहसास क्यों- ख्वाहिशों का दौर हरदम , मातमी है छाया सभी ।। - **अर्चना लाल**

आंखें खुद सारी

आंखें खुद सारी रात जगती हैं, तेरी यादों की आग रखती है। डूबना चाहूँ मैं भी शामो सहर, तेरे दिल में नदी जो बहती है। तेरे बिन मेरा जीना मुश्किल है, चांद से चांदनी ये कहती है। शर्त हर सच्चे प्यार की दानी, बस वफ़ा ही ज़रूरी रहती है। पूजते हैं जहाँ समंदर को, बारिशों की दुआएं मिलती हैं। जब भी मैं उनसे मिलने जाता हूँ, मुझसे बातें वो छिप के करती है। मर के दानी अंधेरा है हासिल, ज़िन्दगी रौशनी में पलती है। - **संजय दानी**

आखिर विदेशी फंडिंग बंद करने का कानून

आखिर विदेशी फंडिंग बंद करने का कानून कब बनाओगे कांग्रेसियों ने फंडिंग लाने का नियम बनाया था आप बंद करने का कानून बनाने का कष्ट करिये मोदीजी वरना हर शहर गांवो मे ये छांगुर बाबा और ना जाने कितने लोग बने बैठे है भिखारी और अंदर से वह धर्म परिवर्तन मे लगे है हर जगहों की तलाशी होनी चाहिये ये लोग बहुत चालाकी से अपने पापो को कर रहे है। - **आशुतोष श्रीवास्तव**

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के द्वारा

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के द्वारा उत्पात की खबरें आ रही है. ये शर्मनाक और निंदनीय है. ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई होनी चाहिए. यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि इसके पीछे कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कहीं कोई साजिश तो नहीं हो रही है। - **अनिल पांडेय**

काँच की हरी चूड़ी-सा, त्योहारों

काँच की हरी चूड़ी-सा, त्योहारों पर पूड़ी-सा, मन मेरा झूम रहा है। बागों में तो झूलों-सा,यादों में तो भूलों-सा, मन मेरा घूम रहा है । बचपन वाले जीवन को, माँ वाले उस आँगन को, मन मेरा चूम रहा है। जीवन दर्शन सारा यह, मुझको तो बस प्यारा यह, मन मेरा जूम रहा है।

- **अलका अग्रवाल**

नहीं उम्मीद है कोई नहीं कोई शिकाय

नहीं उम्मीद है कोई नहीं कोई शिकायत है मगर मुमकिन है दिल में अनकही कोई तो हसरत है बहुत ही कशमकश है जिंदगी की ख्वाहिशें है क्या मगर दिल के सुकूनो चैन को तेरी जरूरत है। - **पूजा बंसल**

सलामत रहोंगे कब तक हाफ़िज़

सलामत रहोंगे कब तक हाफ़िज़ !!! बोटियां तुम्हारी भी नोंची जाएगी इक दिन जो कुछ दिया है जग को तुमने आख़िर लौटकर वही आएगा वापिस ये भाड़े के तख्त - ओ - ताज जिनपर बैठ कर तुम मिमियाते हो आख़िर को दो गज जमीन में होना है काबिज़ ।

- **राजीव वर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

वृषः आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। पारिवारिक रिश्तों में आपको समानता बनाए रखनी होगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। मित्रों के साथ संबंधों में सुधार आएगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कामों के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप न करें, बहुत ही देखभाल कर करें।

धनुः आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन उसमें किसी के कहने में आकर कोई जोखिम भरा काम ना करें।

मकरः आज का दिन आपके लिए मिलेजुले परिणाम लेकर आएगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

कुंभः आज आपको किसी वाद-विवाद को करने से बचना होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है।

मीनः आज आपको परिस्थितियों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आप किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें।

सूर्योदय : 9 05:53, सूर्यास्तः 9 19:14, चन्द्रोदय : 9 26:54, चन्द्रास्त : 16:11, अयन : दक्षिणायन , ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 9 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : श्रावण, पक्षः कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : बालव (09:38 तक), द्वितीय करण : कौलव (20:21 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : वृषभ, मंगल सिंह : (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2024 में भारत की रैंकिंग क्या है?

2) हाल ही में भारत की समुद्री डीकार्बोनाइजेशन सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

3) नेशनल बर्ड डे किस दिन मनाया जाता है?

4) नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 का विषय क्या है?

5) असम के किस राष्ट्रीय उद्यान में हाल ही में दुर्लभ सफेद पंखों वाले बत्तखों की एक जोड़ी देखी गई?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 49वां (2) नई दिल्ली (3) 5 जनवरी (4) गणतंत्र का 75 (5) डिब्रू सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान

शब्द सागर

बच्चों के लिए बनेगा नवीन आंगनबाड़ी भवन

■ विभा चंद्राकर ने किया भूमि पूजन, बच्चों के साथ बाँटी खुशियाँ

धमतरी/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद वार्ड के बच्चों को एक नई सौगात मिली है। पुराने और जीर्ण हो चुके आंगनबाड़ी भवन को तोड़कर अब वहां नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा। सोमवार को इस नव निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर निगम महापौर श्री रामू रोहरा एवं वार्ड पार्षद सभापति विभा चंद्रकार के करकमलों से विधिवत संपन्न हुआ। भूमि पूजन के उपरांत महापौर श्री रोहरा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए उचित वातावरण आवश्यक है, और यह नवीन भवन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महापौर बनने के बाद से श्री रामू रोहरा लगातार वार्डों की समस्याओं से सीधे रूबरू होकर शीघ्र कार्रवाई कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद वार्ड में नवीन आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन भी इसी तारतम्य में किया गया। इस मौके पर वार्डवासियों ने कांटा तालाब के पास प्रस्तावित चौपाटी के लिए भी महापौर का आभार व्यक्त किया, जिससे वार्ड में सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

सांसद भोजराज नाग पहुंचे सिहावा के शिव मंदिर

कर्णेश्वर ट्रस्ट ने किया सांसद का आत्मीय स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेश्वर धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि के लिये मंगल कामना की सांसद सिहावा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर कर्णेश्वर धाम पहुचे सांसद भोजराज नाग ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी ली।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने सावन महोत्सव सहित माँघी पूर्णिमा में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेला महोत्सव की जानकारी देते हुए ट्रस्ट की ओर से विकास कार्यो से सम्बंधित मांग पत्र सोपा। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भगवान भोलेनाथ सबको देने वाले दयानिधान है। कर्णेश्वर महादेव से उन्हें असीम कृपा प्राप्त हुई है।समय समय पर उनका यहाँ आना जाना लगा रहता है।उनकी कोशिश है कि आदिवासी क्षेत्रों के देवगुड़ी ,धार्मिक स्थलों का विकास निरन्तरता के साथ हो।कर्णेश्वर धाम ग्यारहवीं शताब्दी का प्राचीन मंदिर है यहाँ विकास कार्य अछूता नही रहेगा । उन्होंने आगामी दिनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को कर्णेश्वर धाम में लाने की बात कही।इसके पूर्व सांसद भोजराज नाग का कर्णेश्वर धाम पहुँचने पर ट्रस्ट ने उनका स्वागत सम्मान किया।इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ ट्रस्टी व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बेश, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा,उपाध्यक्ष विकास बोहरा,ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रवि दुबे,रवि ठाकुर,कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, सह सचिव मोहन पुजारी, रामभरोस साहू ,महेंद्र कौशल,योगेश साहू जनपद सदस्य प्रेम लता नागवंशी, कमल डागा,प्रकाश सार्वा,डोमार मिश्रा ,अकबर कश्यप,उत्तम साहू,अचला यदु,प्रीति यदु,राजेश कश्यप, अश्वनी निषाद,विनोद पूरी गोश्वामी आदि मौजूद रहे।

हिरेश सिन्हा देंगे भजन की प्रस्तुति कर्णेश्वर घाम में सावन महोत्सव अंतर्गत 1 अगस्त को हम तो आदिवासी आन जैसे प्रसिद्ध गाने के गायक हिरेश सिन्हा व जितेश्वरी सिन्हा द्वारा भजन की प्रस्तुति होगी।

नई शराब दुकान के विरोध में 28 दिनों से चल रहा धरना खत्म

धरसीवां/नवप्रदेश। ग्राम दोन्दे खुर्द के ग्रामीण शासन द्वारा नवीन शराब दुकान खोले जाने के अनुज्ञा दिनाँक से लेकर एक सर्वदलीय संघर्ष समिति बनाकर लगातार विरोध दर्ज करा रहे थे एवं अनिश्चित कालीन धरना 28 दिनों तक अनवरत जारी रहा।

इसी बीच गाँव की नारी शक्ति एवं आस पास के गाँव से महिलाओं द्वारा मशाल रैली , एक दिवसीय सांकेतिक धरना एवं लगभग सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा के निवास जाकर निवेदन किया गया था कि हमारे गाँव मे शराब दुकान न खोला जाए साथ ही कलेक्टर महोदय से मिलकर भी निवेदन किया गया।

ग्रामीणो द्वारा राजधानी रायपुर पहुचकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा के नीचे लगभग 3 घंटो तक विरोध शराब दुकान स्थापना के सम्बंध में विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञात हो कि इस नवीन शराब दुकान खोले जाने के विरोध में समीपस्थ ग्राम पंचायतों एवं प्रस्तावित ग्राम पंचायत दोन्दे खुर्द , लालपुर , छपोरा , मटिया , दोन्दे कला द्वारा ग्राम सभा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि हमारे गाँव के आस पास नई शराब दुकान न खोला जाए, प्रस्तावित सभी ग्राम सभा की सत्य प्रतिलिपि को कलेक्टर एवं आबकारी उपायुक्त को संघर्ष समिति एवं ग्रामीणों द्वारा लिखित ज्ञापन के साथ दिया गया। लगातार बढ़ रहे जनाक्रोश एवं जनभावनाओं को समझते हुए विगत दिनों ग्राम दोन्दे कला के शाला प्रवेसोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा के द्वारा सार्वजनिक मंच से घोषणा किया गया था कि मेरे रहते ग्राम दोन्दे कला - दोन्दे खुर्द में शराब दुकान नहीं खुलने दूँगा। किन्तु प्रस्तावित ग्राम दोन्दे खुर्द में लगातार अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा संघर्ष समिति दोन्दे खुर्द एवं ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि कोई लिखित आदेश हो या फिर विधायक धरना स्थल पर आकर स्वयं घोषणा करे उसके पश्चात ही हम सब पूर्णतः आश्वस्त होने के बाद अनिश्चित कालीन धरना को समाप्त करेंगे। उस आग्रह को स्वीकार करते हुए क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा के द्वारा धरना स्थल पर आकर घोषणा किया गया कि पूर्व में भी संघर्ष समिति के सदस्य एवं ग्रामीण महिलाओं को मेरे द्वारा आश्वस्त किया गया था कि धरना की जरूरत नही है मैं खुद शराब दुकान नही खुलने दूंगा।

विधायक के द्वारा मंच से इस आंदोलन में शामिल सभी नारी शक्तियों एवं संघर्ष समिति को प्रणाम कर अभिनन्दन करते हुए हर्ष के साथ जीत की बधाई देते हुए संघर्ष समिति एवं ग्रामीणों को मिठाई खिलाकर आन्दोलन की समाप्ति की घोषणा किया गया। नारी शक्ति एवं ग्रामीणों द्वारा मंच से क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा एवं संघर्ष समिति के प्रेरणास्त्रोत एवं मार्गदर्शक उधोराम वर्मा (जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी रायपुर) , पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल , आलोक शुक्ला संयोजक छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन, घनश्याम वर्मा , पूर्व जनपद अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती , जनपद सदस्य भगत बंजारे , पूर्व सरपंच अम्मी रेड्डी , सतनामी समाज ग्राम दोन्दे खुर्द , यादव समाज ग्राम दोन्दे खुर्द का शॉल और श्रीफल भेंटकर ससम्मान आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संघर्ष समिति का कहना है कि ये उनके सफल नेतृत्व एवं संघर्ष की जीत है जिसमें नारी शक्ति ने शराब रूपी दानव को परास्त करने के लिए बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता प्रदान किया। महिलाओं का कहना है शराब दुकान खुलने से सबसे ज्यादा प्रभावित एवं प्रताड़ित हम महिलाये ही होते।

इस कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिलेन्द्र सेन , जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा , सरपंच संघ के अध्यक्ष अरविंद ठाकुर , गाँव के सरपंच अशोक साहू , छपोरा सरपंच राजकुमार भारती , पूर्व छपोरा सरपंच मोती साहू , मटिया सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा , मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री चंद्रशेखर वर्मा , पूर्व सरपंच सियाराम बंजारे , दीपा साहू , पद्मावती यादव , राजकुमारी घृतलहरे , सुरेखा ध्रुव , मीना क्षेतिजा , सुमित्रा साहू , कविता दास , उमा निषाद , रंजीता ,खेमिन , माधुरी लोधी , गीता गुप्ता , विजयलक्ष्मी साहू , सरिता साहू, रेखा गुप्ता , पूजा टंडन , उर्मिला , सूरज टंडन , कमल भारती , लालू थवाईत , वासु रेड्डी , देवकुमार चतुर्वेदी सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाये शामिल रही।

एक पेड़ मां के नाम संभागीय कार्यालय में किया वृक्षारोपण

कुरूद/नवप्रदेश। स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा इस वर्ष वृक्षारोपण महोत्सव कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश के विभिन्न विद्युत कार्यालयों, उपकेंद्रों एवं उत्पादन सन्यंत्रो में 15 अगस्त 2025 तक 50 हजार छायादार एवं फलदार पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है. इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 18.07.2025 शुक्रवार को (संचा./ संधा.) संभाग कुरूद में कार्यपालन अभियंता श्री जी. के.बंजारे एवं सहायक अभियंता श्री एल. एल. ध्रुव के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संभागीय कार्यालय परिसर में अमरूद, सीताफल, नींबू, कटहल, नीम, गुलमोहर इत्यादि प्रजाति के फलदार एवं छायादार वृक्ष रोपित किया. संभागीय प्रमुख श्री बंजारे ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी को सजग रहते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है. पॉवर कंपनी के उच्च कार्यालय द्वारा वन विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश के विद्युत कार्यालयों, अधिकारी-कर्मचारियों को पौधे वितरित किये जा रहे हैं. कुरुद संभाग के अधीनस्थ सभी 10 वितरण केंद्रों, 3 उपसंभाग व सबस्टेशनो में भी वृक्षारोपण किया जा रहा है. इस अवसर पर सर्व टीकाराम निषाद अनुभाग अधिकारी, कामदेव देवांगन अनुभाग अधिकारी, लोकेश्वर साहू, शेषराज वर्मा, दिलीप सोरी, पीयूष सिन्हा, प्रिया साहू, चम्पेश्वर, तुलेन्द्र, आफताब, भूपेंद्र, पिंकी , गायत्री , चन्द्राणी, रंजीत आदि कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मोक्षांशी रहीं प्रथम

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सांख्यिकी महासमुंद कार्यालय की ओर से राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अन्वेषा 2.0 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें महासमुंद जिले की गड़बेड़ा निवासी मोक्षांशी पटेल ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्राम और क्षेत्र का नाम रोशन की है। यह आयोजन राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में बीते 18 जुलाई को आयोजित किया गया था। जिसमें प्रदेशभर के 28 महाविद्यालयों के 56 विद्यार्थी प्रतिभागी बने थे जिसमें मोक्षांशी पटेल शामिल हुई थी।

शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने कुराश एवं नेट बॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। इन विजेता खिलाड़ियों को कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व कलेक्टर दीपक सोनी ने राज्य सरकार की ओर दी गई पुरस्कार राशि का चेक खिलाड़ियों को प्रदान किया।इस दौरान स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 21 हजार रुपये, रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 15 हजार रुपये और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 10 हजार रुपये का चेक दिया गया।

जनपद सदस्य ने किया अरहर बीज का वितरण

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोथली में कृषि विभाग में संचालित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत जनपद सदस्य दिलीप सेन के द्वारा अरहर मिनीकिट का वितरण किया गया ,जनपद सदस्य श्री दिलीप सेन के द्वारा कृषकों को कहा गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले,कृषि विभाग द्वारा प्रददत उन्नत किस्म फसल लगाए,जिससे कीट बीमारी कम हो और फसल की पैदावार ज्यादा हो, इस अवसर पर सरपंच श्री मति शिवरात्रि ध्रुव,उपसरपंच कुबेर, पंच गण, कृषक गण हुलास राम , अमृतदास,धनेंद्र साहू, दुखू राम, शेखर, तीरथ राम, खुमानसिंह, सोहन, महेंद्र,खोलेश्वर, झुमुकलाल, रामनारायण,ईश्वर, एवं अधिक संख्या में कृषक उपस्थित रहे और उन्हें अरहर बीज प्रदान कर लाभान्वित किया गया, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मनोज साहू के द्वारा कृषि विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी एवं फसल लगाने, फसल पर लगने वाले रोग,किट की जानकारी ,एवं उनकी सुरक्षा करने की तकनीक के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दिया !

अधिवक्ता के साथ गाली-गलौज

महासमुंद/नवप्रदेश। न्यायालय से जमानत नहीं मिलने पर अधिवक्ता के साथ अश्लील गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी ने सिटी कोतवाली में उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी है। अधिवक्ता मनीराम साहू ने पुलिस को बताया कि वह अधिवक्ता संघ महासमुंद के सदस्य हैं। वह आर्यन कुरैशी का जिला न्यायालय के विशेष प्रक. क्र. 13/2023 एसटी, एससी में पूर्व अधिवक्ता रहे हैं। पेशी के दिन न्यायालय न आने से न्यायालय में उनके विरूद्ध उपस्थिति के लिए वारंट जारी किया गया। जमानत के सिलसिले में वह 16 जुलाई को मुझसे न्यायालय में मिला उस दिन उनका जमानत नहीं हो पाया।

मास परायण के पाठ की परंपरा निरंतर जारी

■ प्रतिदिन बेटियां भी हो रही शामिल

छुरा / नवप्रदेश । छुरा नगर में प्रति वर्ष होने वाले श्रावण मास के मास पारायण का पाठ निरंतर जारी है मानस मंदिर में शिक्षक मानस परिवार एवं नगर वासियों द्वारा संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक भजन कीर्तन के साथ एक मास परायण का पाठ किया जाता है पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस पाठ में प्रतिदिन बेटियां भी हिस्सा ले रही हैं और नियमित पाठ कर रही हैं शिक्षक मानस परिवार के अध्यक्ष विनोद कुमार देवांगन ने बताया कि बेटियों को संस्कारित करने की बात तो सभी करते है किन्तु इसे अमल में लाने का प्रयास सराहनीय होता है दो घंटे अपने किशोर बच्चों को मंदिर में भेजने की अपील मानस परिवार करता है सनातन संस्कृति मानने वाले परिवार अनुकरण करें प्रतिदिन मानस पाठ का लाभ सभी जानते हैं उसी प्रकार सावन मास परायण का भी विशेष महत्व है इस वर्ष भी मानस परायण में सदस्यों की संख्या में उतरोत्तर वृद्धि हुई है मानस पाठ में इस वर्ष भी नगर की बेटियां सुधा शर्मा, मोनिका साहू, सविता पटेल, कावेरी पटेल, देविका पटेल भूमिका वर्मा, तारिका बेबी पटेल शामिल हो रही हैं साथ ही मानस पाठ में तबला वादन में सहयोग कर रहे मास्टर उपेंद्र पटेल को सभी का आशीर्वाद मिल रहा है मानस पाठ में कामता प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार देवांगन, ललित कुमार वर्मा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, ओमप्रकाश यादव, पोषण लाल वर्मा, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, कैलाश पटेल, रुपेश कुमार शर्मा, रोशन शर्मा, घनशयाम सिन्हा यज्ञेश पांडेय नगर वासी तारा महराज, रमेश जायसवाल गणेशुराम साहू टाकेश साहू महेश कुमार श्रीमती रेवती सिन्हा आदि शामिल हो रहे हैं

दूध हुआ प्रति लीटर 7 रुपये मंहगा

महासमुंद/नवप्रदेश। दुग्ध व्यवसाय संघ एवं होटल व्यवसायी संघ की संयुक्त बैठक में प्रति लीटर सात रुपए वृद्धि का निर्णय लिया गया, जो 20 जुलाई से लागू हो गई है। होटल व्यवसायी संघ के अध्यक्ष हेमंत बघेल, सचिव भाऊराम साहू का कहना है कि दूध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में महासमुंद अव्वल है। बावजूद साल दर साल अप्रत्याशित वृद्धि आने वाले समय पर जनता की जेब पर भार बढ़ाने वाला है। प्रति लीटर सात रुपए की वृद्धि से मिठाई, दूध, दही, पनीर, खोवा, चाय, लस्सी पर मूल्य वृद्धि लाजिमी है। आने वाले समय में व्यवसाय पर इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिल सकता है। संघ के अध्यक्ष हेमंत, सचिव भाऊ रामू, उपाध्यक्ष नेमीचंद सोनी, पदाधिकारी मनीष जैन, पप्पू साहू, मोती सिंह राजपुरोहित, कान्हा, सुंदर शशि , नेमीचंद, चेतन सहित मिठाई कारोबारियों ने कहा है कि महंगाई का असर गुणवत्ता पर नहीं पड़ेगा।

जनप्रतिनिधि को बदनाम करने की ओछी राजनीति बर्दाश्त नहीं

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव नपं के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की अनेक जगहों पर विधायक के लापता होने, उनकी फोटो के साथ पोस्टर लगाना विपक्ष की गिरी हुई मानसिकता को दर्शाता है। सभी को पता है कि विगत महीने से विधायक स्वास्थ्यगत कारणों से बेड रेस्ट में हैं। इतनी गंभीर चोट आने के बाद भी हर दिन विधानसभा के नागरिकों ,जनप्रतिनिधियों से मिलकर उनकी बातों को

सुनकर उनकी समस्याओं का जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी को निर्देश कर निराकरण भी करा रहे हैं। लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर चर्चा व विकास कार्यों की समीक्षा भी कर रहे हैं। विगत दिनों विधानसभा के सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ अस्वस्थ होते हुए भी निवास में बैठक कर ग्राम पंचायतों की मूलभूत सुविधाओं व विकास कार्यों की समीक्षा कर शासन की योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने निर्देश भी दिए। प्रत्येक दिवस सैंकड़ों लोगों से मुलाकात करते हैं, जिसकी सूचना हम सभी को सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होती रहती है। क्षेत्र में विकास की नवीन गाथा लिखी जा रही है जिससे विपक्ष व माफिया घबराए हुए हैं।

प्रशिक्षण | चांदनी साहू ने तीरंदाजी में इंडियन राउंड में रजत पदक व टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले को किया गौरवान्वित

खेल अकादमियों में 23 खिलाड़ी ले रहे हैं तीरंदाजी का प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिला आज खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान गढ़ रहा है। खासकर तीरंदाजी जैसे पारंपरिक प्रतिस्पर्धी खेल में जिले के 23 प्रतिभाशाली खिलाड़ी देश की प्रतिष्ठित खेल अकादमियों में प्रशिक्षण लेकर न केवल अपने सपनों को साकार कर रहे हैं, बल्कि जिले, राज्य और देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। महासमुंद की पद्मा साहू, जिन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण बहालगढ़, सोनीपत (हरियाणा) में दाखिला पाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, युवाओं के लिए प्रेरणा बन

चुकी हैं। 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड 2025 में महासमुंद की चांदनी साहू ने तीरंदाजी में व्यक्तिगत इंडियन राउंड में रजत पदक व टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। वह मुख्यमंत्री विष्णु साय से भी सम्मानित हो चुकी हैं। वर्तमान में साई रायपुर व कोदूराम वर्मा खेल अकादमी रायपुर में 11 खिलाड़ी प्रशिक्षणरत हैं। खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर में 11 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कुल मिलाकर 23 खिलाड़ी देश व राज्य की शीर्ष खेल अकादमियों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण ले रहे हैं। एकलव्य आवासीय विद्यालय, भोरिंग, बाल आश्रम, बिहाझर बागबाहरा में एवन कुमार साहू, डॉ. सुनील भोई, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. पुरेन्द्र चंद्राकर, पिरित साहू व अन्य प्रशिक्षकों के नेतृत्व में खिलाड़ियों को तराशा गया। पीएम श्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा, बसना, शासकीय उच्च, माध्य. विद्यालय - बकमा, कोमाखान, खोपली इन शालाओं में तीरंदाजी को बढ़ावा देकर छात्र-छात्राओं को शुरूआती मंच प्रदान किया गया।

रोजगार प्रोत्साहन योजना के संबंध में दी जानकारी

धरसीवा/नवप्रदेश। आज के इस कार्यक्रम में भविष्य निवि संगठन रायपुर द्वारा भारत सरकार के रोजगार सृजन हेतु आरंभ किए जा रहे रोजगार प्रोत्साहन योजना के संबंध में जानकारी दिया गया कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 2025 को रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन (ई एलआई) योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना की शुरुआत होने के बाद छत्तीसगढ़ में प्रथम बार जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज में जानकारी देने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया योजना के तहत सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में सुधार और सामाजिक सुरक्षा का समर्थन किया जा सके, विशेष रूप से मैन्यूफेक्चरिंग क्षेत्रों मे प्रोत्साहन हेतु अधिक प्रयास किए जा रहे हैं कार्यक्रम को जयवदन इगले. , गौरव बोगरा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त , विभूति भूषण प्रसाद, प्रवर्तन अधिकारी , विनोद सिह काकोडिया प्रवर्तन अधिकारी , अजय कुमार दीवान सोशियल सिक्यूरिटी ऑफीसर , शब्दशन सुपरवाईजर ने संबोधित कर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम के अंत में जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज मानव संसाधन के विभाग के अध्यक्ष आलोक पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि यह एक क्रांतिकारी योजना है जो नए रोजगार सृजन करने में एक मील का पत्थर साबित होगा।जिसका लाभ एंप्लॉयर, एम्पलाइज और श्रमिक और श्रमिक ठेकेदारों को भी मिलेगा। योजना के बारे में बताया कि अच्छी योजना है इसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले एवं भविष्य निधि संगठन के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया कि हमारे संस्थान में आकर इस तरह एक अच्छी नई योजना की शुरुआत छत्तीसगढ़ मे किया कार्यक्रम में कंपनी के सभी अधिकारी कर्मचारी ठेकेदार एवं ठेका श्रमिक बहुत अधिक संख्या में उपस्थित थे ।

छत्तीसगढ़ में तैयार हो रहा सड़कों का मजबूत नेटवर्क

- 18,215 करोड़ रुपये लागत की 37 सड़क परियोजनाओं पर चल रहा काम
- राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के लिए 5353 करोड़ रुपए मंजूर
- रायपुर-विशाखापट्टनम और रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारे हो रहें तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य में दो इकोनॉमिक कॉरिडोर सहित राज्य के दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों में सड़कों का मजबूत नेटवर्क बनाने का काम शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का भी निर्णय लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए वर्तमान में कुल 18,215 करोड़ रुपये लागत की 37 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु 11 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही हैं, इन सड़कों की लंबाई 1131 किलोमीटर होगी, जिनकी कुल लागत 24,693 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के लिए भारत सरकार द्वारा कुल 5353 करोड़ रुपये की लागत वाली 18 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसके सम्पूर्ण होने से राज्य के विकास को एक नयी गति मिलेगी। राज्य में वर्ष 2014 से 2025 तक 840 किलोमीटर लंबाई के सिंगल-मध्यवर्ती लेन राष्ट्रीय राजमार्ग को 2 या अधिक लेन में उन्नत किया गया है। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 2014 से 2025 तक 21,380 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा, भारत सरकार ने 2014 से 2025 तक केंद्रीय सड़क और सी.आर.आई.एफ. और इकनोमिक इंपोर्टेंस एवं इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत राज्य की सड़कों के विकास के लिए कुल 3826 करोड़ रुपये की लागत के 70 कार्यों को मंजूरी दी है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में राजमार्गों के नेटवर्क को और मजबूत किया जा रहा है। रायपुर एवं दुर्ग शहर के नागरिकों को सघन एवं भारी यातयात से राहत पहुंचाने हेतु 2 पैकेजों में 92 किलोमीटर लंबाई वाला 6 लेन का रायपुर-दुर्ग बाईपास का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी लागत 2289 करोड़ रूपए है।

दो आर्थिक गलियारे : विशाखापट्टनम के पोर्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिलेगा, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, इस 6 लेन सड़क की लंबाई के 124 किलोमीटर होगी। इस मार्ग के लिए 4146 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है तथा निर्माण कार्य प्रगति पर है। रायपुर एवं बिलासपुर को झारखण्ड की औद्योगिक नगरी रांची और धनबाद से जोडऩे के लिए 4 लेन सड़क का बिलासपुर-उरगा-पत्थलगाँव का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी लंबाई 157 किलोमीटर और लागत 4007 करोड़ रुपये है।

एल डब्ल्यू ई और जनमन योजना

भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या को समाप्त करने के लिए 2014 से 2025 तक लेफ्ट विंग एक्सट्रिमिस्म (एल. डब्लू. ई) योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण सड़कों के विकास के लिए 2625 करोड़ रुपये की राशि व्यय की है। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह के विकास हेतु पीएम-जनमन योजना में राज्य को 715 सड़कें, 2449 किमी. एवं 1699 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इन सड़कों से 775 विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटें लाभान्वित होगी। भारत सरकार द्वारा देश में राज्यों को 4831 किमी. लम्बाई की स्वीकृति में से राज्य को 2449 किमी. लम्बाई की स्वीकृति दी गई है, जो कि कुल स्वीकृति का 51 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के आस-पास औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोरबा-बिलासपुर इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया गया है। उरगा-कटघोरा बाईपास बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है, जिसके लिए भारत सरकार ने कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किया है। केन्द्रीय सड़क निधि से सड़कों के निर्माण के लिए 908 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है।

राज्य में फिशरीज के नये युग की शुरूआत, हसदेव डुबान में बनेगा पहला एक्वा पार्क

उत्पादन प्रोसेसिंग से लेकर एक्वा टूरिजम से बढ़ेगी ग्रामीणों की आय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जल्द ही मछली पालन के क्षेत्र में एक नये युग की शुरूआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के कोरबा जिले में हसदेव बांगो डुबान जलाशय में पहला एक्वा पार्क स्थापित होने जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत केन्द्र सरकार से 37 करोड़ 10 लाख रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत हो चुकी हैं। यह एक्वा पार्क एतमा नगर और सतरेंगा क्षेत्र में फैलें सैकड़ों एकड़ डुबान जलाशय में विकसित होगा। इस एक्वा पार्क विकसित हो जाने से राज्य में मछली पालन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा। मछली उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग, विक्रय, निर्यात और एक्वा टूरिजम से क्षेत्र के ग्रामीणों की आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस पार्क की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

एक्वा पार्क में दो तरह की सुविधाएं होंगी कोरबा जिले के हसदेव बांगो जलाशय के डुबान क्षेत्र में विकसित होने वाले इस एक्वा पार्क में दो तरह की सुविधाएं होंगी। एतमा नगर में फीड मिल, फिश प्रोसेसिंग प्लांट, हेचरी और रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम स्थापित होगा। वहीं सतरेंगा में एक्वा टूरिजम को बढ़ाने के लिए म्यूजियम और अन्य सुविधा विकसित की जाएंगी। एतमा नगर में मछलियों के उत्पादन से लेकर उनकी प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के साथ-साथ उन्हें विदेशों में एक्सपोर्ट करने तक की सुविधा विकसित होगी। हेचरियों में मछलियों के बीज उत्पादन से लेकर फीड मिल में पूरक पोषक आहार भी यहीं बनेगा।

विदेशों में निर्यात करने की पूरी व्यवस्था : फिश प्रोसेसिंग प्लांट में मछलियों की सफाई, हड्डियां हटाकर फिले बनाना और उसे उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाले पैकेजिंग सिस्टम से पैक कर विदेशों में निर्यात करने की पूरी व्यवस्था यहां की जाएगी। एतमा नगर के इस प्रोसेसिंग यूनिट से हटकर सतरेंगा में एक्वा म्यूजियम बनेगा। पहले ही सतरेंगा पर्यटन की दृष्टि से छत्तीसगढ़ का प्रमुख वाटर बॉडी है। एक्वा म्यूजियम बन जाने से विभिन्न प्रकार की मछलियों को पर्यटकों की जानकारी के लिए यहां रखा जाएगा। इसके साथ ही सतरेंगा में एंगलिंग डेस्क, कैफेटेरिया, फ्लोटिंग हाउस तथा मोटर बोट सहित वाटर स्पोट्र्स की सविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे क्षेत्र में पर्यटन बढ़ेगा। पर्यटन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय ग्रामीणों की आय बढऩे से उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

अभी लगभग 800 केज में हो रहा मछली उत्पादन, 160 से अधिक मछुआरें उठा रहे लाभ : हसदेव बांगो जलाशय के डुबान क्षेत्र में वर्तमान समय में लगभग 800 केज लगे हैं। जहां मछली पालन विभाग के अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में लगभग 9 मछुआ समितियों के 160 सदस्य मछली पालन कर रहे हैं। उन्हें पांच-पांच केज आबंटित किए गए हैं। केज कल्चर से इन सदस्यों को औसतन 90 हजार रूपए सालाना शुद्ध आमदनी मिल रही है। मछुआ समिति के सदस्य श्री दीपक राम मांझीवार, श्री अमर सिंह मांझीवार और श्रीमती देवमति उइके ने बताया कि केज कल्चर से उन्हें न केवल रोजगार मिला है, बल्कि मछलियों का उत्पादन बढ़ जाने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

1600 मेट्रिक टन मछली का उत्पादन : इस क्षेत्र में हर साल लगभग 1600 मेट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। केज कल्चर से मछली पालन में 70 से 80 लोग सीधे तौर पर रोजगार पा रहे हैं, वहीं 20 से 25 पैगारों-चिल्हर विक्रेताओं को बेचने के लिए हर दिन मछली मिल रही हैं। यहां मछली पालन के विशेषज्ञों और विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को उन्नत तकनीकों से प्रशिक्षित किया है। हसदेव बांगो डुबान केज कल्चर में मुख्यतः तिलपिया और पंगास मछली का उत्पादन किया जा रहा है। तिलपिया प्रजाति की मछली की अमेरिका में विशेष मांग है और इसका सीमित मात्रा में अभी निर्यात किया जा रहा है। एक्वा पार्क स्थापित कर इस मछली का उत्पादन बढ़ाकर अमेरिका सहित दूसरे यूरोपीय देशों में भी इसका निर्यात बढ़ाने की योजना है। इस मछली का निर्यात बढऩे से बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर ग्रामीणजन इस व्यवसाय से जुड़ेंगे और उनकी आमदनी बढऩे से क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

एक्वा पार्क बनने से प्रदेश में मछली व्यवसाय को मिलेगी नई दिशा - मुख्यमंत्री साय



इस एक्वा पार्क की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य के मछली पालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि इस एक्वा पार्क से न केवल मछली पालन की नई उन्नत तकनीकें लोगों तक पहुंचेंगी, बल्कि प्रोसेसिंग-पैकेजिंग यूनिट से छत्तीसगढ़ के मछली व्यवसाय को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तिलपिया मछली की विदेशों में बहुत मांग है और इस एक्वा पार्क में इस मछली के उत्पादन से छत्तीसगढ़ के मछली पालकों के लिए अब सात समुन्दर पार भी व्यापार के द्वार खुलेंगे। उन्होंने एक्वा पार्क की स्थापना को मछली पालन के क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने वाला निर्णय बताया है।

एक्वा पार्क के विस्तार तथा डिमोस्ट्रेशन यूनिट बनेगा

एतमा नगर के साथ ही सतरेंगा में एक्वा पार्क के विस्तार तथा डिमोस्ट्रेशन यूनिट स्थापित हो जाने से पर्यटन बढ़ेगा। देश-प्रदेश से लोग यहां मनोरंजन के साथ-साथ स्वादिष्ट मछलियों के कई प्रकार के व्यंजनों का भी लुफ्त उठा सकेंगे, इससे भी स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आय में बढ़ोत्तरी होगी।

क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय कार्यकारणी का विस्तार, महेश बने उपाध्यक्ष

पहाड़ी कोरवाओं के लिए चिरायु योजना बन रही वरदान

- इस योजना से देश भर के अच्छे निजी अस्पतालों में कराया जाता है नि:शुल्क इलाज

देश भर के अच्छे हॉस्पिटल में उपचार

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के आयोजन के संबंध में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती

दो चरणों में होगा आयोजन

कार्यक्रम में विरासत और विश्वास का संगम होगा

महत्वपूर्ण कार्यों का समावेश होना अनिवार्य

पीएम जनमन, धरती आबा और नियद नेल्ला नार योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीणों और रहवासी क्षेत्र का हो रहा है बेहतर विकास

दो बड़ी परियोजनाओं से बस्तर में विकास की नई बयार

बस्तर के विकास को लगेंगे पंख

जगदलपुर-रावघाट रेललाइन को मिली मंजूरी

बस्तर पर्यटन और व्यवसाय के लिए बेहद अहम

स्थानीय उत्पादों और लॉजिस्टिक्स के नेटवर्क में होगा सुधार

ग्रामीण क्षेत्रों में अब आवाजाही आसान

विकास को नई गति

बस्तर का भविष्य

बस्तर में विकास

विकास को मिलेगा नया आधार

छत्तीसगढ़ अब माओवाद से प्रभावित राज्य नहीं

बोधघाट बांध परियोजना

29,000 करोड़ योजना की लागत

3,78,475 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई

125 मेगावाट बिजली उत्पादन

कुल जल भराव क्षमता	:	2727 मि.घ.मी.
जलाशय क्षेत्रफल	:	10,440 हेक्टेयर
लाभान्वित गांव	:	260
डुबान क्षेत्र में आने वाले गांव	:	36
पेयजल आपूर्ति	:	40 मि.घ.मी.
उपयोगी जल भराव क्षमता	:	2009

131 किलोमीटर नहर से जुड़ेगी, इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

264 किमी इंद्रावती नदी पर बारसूर गांव के समीप बोधघाट बांध परियोजना

20,000 करोड़ योजना की लागत

50,000 हेक्ट. कांकेर में सिंचाई सुविधा

4824 टन प्रति वर्ष मत्स्य उत्पादन

इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

हरे सोने से समृद्धि

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राहत

5500 रुपए प्रति बोरा, 920 करोड़ का हुआ भुगतान

लक्ष्य से अधिक, बस्तर सबसे आगे

डिजिटल भुगतान से पारदर्शिता

संग्रहण और योजना का मजबूत ढांचा

जंगल से जुड़ता जनजीवन

संग्राहकों के लिए जीवन रक्षा कवच

शंकराचार्य विद्यापीठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन

भाटापारा/नवप्रदेश। शंकराचार्य विद्यापीठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल ढाबाडीह भाटापारा में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। संस्था के संचालक मनोज गुप्ता ने बैज लगाकर चुने गए स्टूडेंट कैबिनेट को बधाई देते हुए की जिस तरह से ग्राम पंचायत नगर पालिका के चुने गए सदस्य जनता की जिम्मेदारी संभालते हैं

ठीक उसी तरह से विद्यालय में स्टूडेंट कैबिनेट के चुने गए सभी सदस्य विद्यालय के पूरे विद्यार्थियों की व्यवस्था को लेकर अपनी अपनी विभागों की जिम्मेदारी संभालते हैं। और संस्था की गरिमा को बनाए रखने के लिए सभी स्टूडेंट कैबिनेट के छात्रों द्वारा समर्पित होकर कार्य करते हैं। कार्यक्रम में स्टूडेंट कैबिनेट के जिन विद्यार्थियों को कैबिनेट में जिम्मेदारी दी गई उनमें खेल प्रभार चंद्रप्रकाश यादव, शिवम बाघमार, चंचल वर्मा, तनिमा कोसले, सांस्कृतिक कार्य प्रभार दीक्षा अनंत, तमिका साहू, ऐश्वर्य वर्मा, को असेंबली (प्रातः कालीन प्रार्थना एवं अन्य सभा) की जिम्मेदारी लकी साहू, हिमानी साहू लोमेश साहू तथा रोशनी मौर्य को दिया गया। अंत में संस्था के हेड बॉय लकी साहू और हेड गर्ल के लिए हिमानी साहू को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सफल बनाने में संस्था के समस्त शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

कांवरियों की सेवा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद। सावन माह का दूसरा सोमवार कल 21 जुलाई को पड़ रहा है। इस दौरान शनिवार से ही बम्हनी से जल लेकर हजारों कांवरियों का जत्था सिरपुर के लिए रवाना हुए। कांवरियों की सेवा में महासमुंद के बीटीआई रोड तथा ओवरब्रिज के नीचे जलपान की व्यवस्था की गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए तथा कांवरियों को जलपान वितरण किया। उल्लेखनीय है कि सावन माह के प्रत्येक शनिवार को कांवरियों के लिए सेवा भावी लोगों द्वारा जलपान, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर रखा जाता है। कल शनिवार को प्रसाद इलेक्ट्रॉनिक्स एवं वार्डवासियों द्वारा बीटीआई रोड में तथा नगर पालिका सभापति श्रीमती ईश्वरी भोई व आदि शक्ति समिति द्वारा जलपान, प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया। दोनों स्थानों पर सेवा कार्य में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए तथा कांवरियों व शिवभक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि सावन में भगवान शिव की भक्ति का सौभाग्य हमें मिला है, कांविरयों की टोली हमारे नगर से गुजरते हैं। कांवरियों की सेवा ही महादेव की सेवा है।

सार्वजनिक दुर्गा मंच के पास डोम शेड निर्माण नहीं करने वार्ड वासियों ने की मांग

बालोद।/नवप्रदेश। सार्वजनिक दुर्गा मंच शिकारीपारा बालोद के पास डोम शेड (टीन शेड) निर्माण हेतु सर्वे किया है। उसमें मोहल्ला वासियों द्वारा आपत्ति जाहिर की गई है। वार्ड वासियों का कहना है कि उक्त जगह पर ढूंढना लगाया जाए इससे कई तरह की बाधा उत्पन्न हो सकती है इस मुद्दे को लेकर वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी और सीएमओ से मुलाकात कर इस प्रस्तावित डोम शेड निर्माण को लेकर आपत्ति जताई है। हालांकि अध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने वार्ड वासियों को भरोसा दिलाया कि अगर वहां किसी तरह की परेशानी है तो वहां डोम शेड नहीं लगाया जाएगा, इसके लिए निश्चिंत रहे ।

वार्ड वासियों के अनुसार डोम लगा तो इस तरह की आ सकती है दिक्कतें-

1.दुर्गा एवं गणेश के पंडाल व डेकोरेशन कार्य में बाधा पहुंचेगी। 2. सांस्कृतिक कार्यक्रम (जैसे रामधुनी, जस जगराता, भागवत इत्यादि) एवं सामाजिक कार्यक्रम (जैसे शादी, शोक, छट्टी कार्य इत्यादि) में बाधा पहुंचेगी। 3.उक्त सार्वजनिक मंच के पास एकमात्र मैदान है जो बच्चों के खेल कूद प्रतियोगिता जैसे कबड्डी, क्रिकेट इत्यादि ऑउटडोर खेल के उपयोगी है, जिसमें बाधा उत्पन्न होगी। 4.सार्वजनिक दुर्गा मंच के मैदान के दिवाली के समय होने वाले गोवर्धन पूजा (मातर), एवं दही हंडी आदि कार्यक्रमों में भी बाधा पहुंचेगी। इसलिए उक्त सार्वजनिक दुर्गा मंच शिकारीपारा बालोद में डोम शेड (टीन शेड) निर्माण पर रोक लगाये जाने की मांग की जा रही है।

किसान करा सकते हैं 31 तक फसल बीमा

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले में खरीफ वर्ष 2025 के लिए ग्राम स्तर पर धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन एवं राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी और रागी फसलों को अधिसूचित किया गया है। इन फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

3000 से अधिक संख्या में कबीरधाम जिले से आए भोले के भक्त

विधायक बोहरा ने शुरू की अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की पदयात्रा

■ कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है : भावना बोहरा

कवर्धा/नवप्रेदश। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सावन माह के द्वितीय सोमवार को माँ नर्मदा मंदिर, अमरकंटक में माँ नर्मदा और नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। इसके पूर्व रविवार को भावना बोहरा ने मेला मैदान, नया नगर पालिक परिसर, अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों से मुलकात की और उन्हें भोजन परोसकर उनकी सेवा की और भजन संध्या में शामिल हुईं। इस दौरान लगभग 3000 से अधिक संख्या में कबीरधाम जिला से पधारे कांवड़ यात्रियों और पंडरिया विधानसभा एवं जिला पदाधिकारी, कार्यकता एवं भक्तजनों ने उत्साह के साथ भजन संध्या में शामिल हुए और हर हर महादेव के नाम से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। 21 जुलाई सोमवार को भावना बोहरा के साथ लगभग 1000 से अधिक कबीरधाम जिला से पधारे कांवड़ यात्रियों, पंडरिया विधानसभा से आए भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं ने नर्मदा मंदिर में पूजा-अर्चना की और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान 300 से अधिक कांवड़ यात्री भावना बोहरा के साथ उनकी इस यात्रा में सहभागी बनें हैं। सभी ने बड़े ही उत्साह और उर्जा के साथ बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुए जंगलों के रास्ते छत्तीसगढ़ वासियों एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के प्रथम नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से लम्हनी तक यात्रा तय की जाएगी और मंगलवार को पुनः यात्रा आगे बढ़ेगी। 21 जुलाई से प्रारंभ यह यात्रा 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर पहुंचेगी और भावना बोहरा एवं उनके साथ इस यात्रा से जुड़े सभी कांवड़ यात्री एवं भक्तजन डोंगरिया महादेव और भोरमदेव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक करेंगे। भावना बोहरा ने आगे कहा कि सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो,हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो इसी कामना के साथ और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, हमारी धार्मिक आस्था,परंपरा एवं रीती-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य है।

यात्रा मेरे लिए माँ नर्मदा और भोलेनाथ बाबा के प्रति कृतज्ञता का एक विनम्र प्रयास है

मेरी इस संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी का आभार

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों और हमारे प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मेरी इस संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी कांवड़ यात्रियों, भक्तजनों और कबीरधाम जिला एवं पंडरिया विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मैं आभार व्यक्त करती हूँ। इस यात्रा में शामिल सभी का उत्साह एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास एक नई उर्जा देने वाला है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। हमने जो संकल्प किया है उसकी पूर्ति हेतु भगवान भोलेनाथ एवं माँ नर्मदा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हमारी यह यात्रा आज प्रारंभ हुई है और आज यात्रा के प्रथम दिन नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से लम्हनी तक यात्रा की जाएगी और मंगलवार को यात्रा के दूसरे दिन हम सभी पुनः उसी उत्साह और उरज के साथ भोरमदेव मंदिर की ओर आगे बढ़ेंगे।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोमाखान के छात्रों ने बढ़ाया विद्यालय का मान

■ स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोमाखान के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बागबाहरा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कोमाखान की स्थापना दो वर्ष पूर्व हुई थी, जिसके बाद से विद्यालय निरंतर शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विद्यालय का अंग्रेजी माध्यम बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

सत्र 2024-25 में अध्ययनरत कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं के अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के चार विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय और प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 5वीं के प्रतीक सेन /पिता पीतांबर सेन का चयन छिंदपाली, सरायपाली में, मनीष दीवान/पिता स्व.जामसिंह दीवान का कांकेर में, मयंक देवांगन/पिता वेदनाथ देवांगन का कोरबा में तथा अमित सिंह राजपूत हिंदी माध्यम मिडिल स्कूल का चयन बिलासपुर में हुआ है।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। शाला विकास समिति अध्यक्ष हिरेंद्र उपाध्याय, सरपंच श्रीमती जवां बाई ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, पूर्व सरपंच आशीष वाकडे, पूर्व अध्यक्ष गुलजार खान, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप यादव, युवा समाजसेवी पंकज जैन, पालक सदस्य वाजिद खान, नरेंद्र पटेल, भीमा साहू सहित विद्यालय के प्राचार्य हीरासिंग नायक, उप प्राचार्य अनिरुद्ध साहू, प्रधानपाठक रविन्द्र राज सिंह ठाकुर, देवानंद वेदव्यास, ऋतुराज साहू, रवि ध्रुव, रूपाली साहू एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इस सफलता पर बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

गत वर्ष भी विद्यालय के एक छात्र का नवोदय विद्यालय तथा एक छात्र का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ था। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन से पालकों और शिक्षकों में उत्साह का माहौल है।

कांग्रेस कमेटी ने स्वामी आत्मानंद स्मृति संविदा शिक्षक संघ के हड़ताल को दिया समर्थन

बेमेतर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ने छत्तीसगढ़ व्यापी स्वामी आत्मानंद स्मृति संविदा शिक्षक संघ के द्वारा किए जा रहे हैं हड़ताल को अपना समर्थन दिया है जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा है कि जब भाजपा सरकार सत्तासीन हुई तो शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद स्मृति विद्यालयों के प्रबंध समिति जो कलेक्टर के अध्यक्षता में हुआ करती थी को भंग करते हुए उसे शिक्षा विभाग में मिलने का निर्णय लिया और जब यह निर्णय लिया गया है तो उन्हें शासकीय सेवकों के समान सुविधा भी दी जानी चाहिए पूर्व में जब कांग्रेस सरकार ने इन स्कूलों को प्रारंभ किया तो इन स्कूलों के शिक्षकों के वेतन भत्ते सभी चीजों का इंतजाम प्रबंधन समिति के माध्यम से किया था।

कलेक्टर ने किया गढ़फूलझर का औचक निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा ग्राम गढ़फूलझर प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ग्राम का दौरा किया। कलेक्टर द्वारा विकास योजनाओं को अमल में लाया गया या नहीं जानने के लिए निरंतर विभिन्न स्थलों का दौरा किया जा रहा है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
आम-सूचना

विषय : सीमांकन बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार दुर्ग के 1639/वा.ना.तह./ 2025, दुर्ग दिनाँक 10/06/2025 के पालन में ग्राम पूलगांव प.ह.नं. 20 भूमिं स्वामी श्री मनोज कुमार कुखरानिया पिता/पति राजेन्द्र कुमार कुखरानिया निवासी नेहरूनगर भिलाई आवेदित ग्राम पूलगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 262/254 रकबा 0.2245 है. जिसकी सीमा उत्तर में 1. शिवनाथ ऑटो मोबाइल्स प्रा.लि. डायरेक्टर श्याम किशोर गुप्ता पिता शिवनाथ प्रसाद गुप्ता निवासी कांकेर, 2. सिद्धी विनायक बिल्डर्स पार्टनर योगेश्वरी रावत पति राजेश रावत निवासी भिलाई, दक्षिण में डॉ. गोपाल कृष्ण अग्रवाल पि. स्व. श्री कृष्ण अग्रवाल नि. 3 चाले माऊंट वरसाल यू.के., 1. रोहन कुखरानिया पि. राजेन्द्र कुखरानिया बगै नि. नेहरू नगर, पूर्व में डॉ. गोपाल कृष्ण अग्रवाल पि स्व. श्रीकृष्ण अग्रवाल नि- 3 चालेमाऊंट वरसाल, यू.के. पश्चिम में मनोज कुमार कुखरानिया पि. राजेन्द्र कुमार नि. सेक्टर-07 भिलाई है। का सीमांकन दिनॉक 23/07/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 2:30 बजे किया जावेगा ।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नम्बर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आऊट तथा रजिस्ट्री, प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202503103300032 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्रं. 202503103300032/ अ-6अ/वर्ष 2024-25 आवेदक लक्ष्मण प्रजापति पिता छट्टू प्रजापति निवासी सुल्तानपुर मउ उत्तरप्रदेश के द्वारा मौजा ग्राम सिलोदा प.ह.नं.23 रा.नि.म. अंजोरा ख तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 233/2 का दु. रकबा 750 वर्गफिट भूमि को विक्रेता नारद सिंह आ. स्व. दुखुराम निवासी ग्राम सिलोदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में दिनांक 22/01/2021 को ग्रंथ कमांक-1112 दस्तावेज क्रमांक- 4447 के पृष्ट कमांक 52 से 76 पर बयानामा दस्तावेज निष्पादित किया गया है। जिसका प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर ऋण पुस्तिका प्रदाय किया जा चुका है। आवेदक लक्ष्मण प्रजापति के नाम पर ऋण पुस्तिका जारी किया गया त्रुटिवश आनलाईन राजस्व रिकार्ड मे विकास कुमार पिता बनारस महतो के नाम पर दर्ज होना पाया गया है। उक्त भूमि पर आवेदक के नाम पर ऋण पुस्तिका में दर्ज ख.नं. 233/17 को आवेदक लक्ष्मण प्रजापति पिता छट्टू प्रजापति के नाम पर आनलाईन राजस्व रिकार्ड में हुई त्रुटि को सुधार किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 22.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती सुकांती सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400251/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुकांती सिन्हा आ./पति श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी फेस-02 रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	273/30	0.0072हें वर्गफीट 780	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप ख)
मा.क्र.202507100700136 /अ-27/वर्ष 2024-25

क्योंकि मौजा पोटियाकला तह. व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी नुकेश कुमार साहू आ. बंशीलाल साहू निवासी पोटियाकला तह. व जिला दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 11.08.2025 स्थान तहसील कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण)
सर्वेक्षण संख्यांक/भूखंडांक- 386/9, 306/1, 425/3
क्षेत्रफल- 0.5750, 0.0020, 0.4050 हे
भू-राजस्व-

आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202507100700098 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सतनाम सिंग पिता स्व. सुरजीत सिंग निवासी आशा नगर, तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 16/355 रकबा 0.0075 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ती श्रीमती चरणजीत कौर पति स्व. सुरजीत सिंग धुन्ना के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार / वसीयतकर्ती श्रीमती चरणजीत कौर पति स्व. सुरजीत सिंग धुन्ना के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 21/01/2025 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र यादव पिता कन्हैयालाल यादव निवासी शिवपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा भाई मनहरण यादव पिता शिवचरण यादव की जन्म/मृत्यु दिनांक 07.10.2008 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गणेश राम यादव पिता लखन यादव निवासी 127, वार्ड नं. 02, शिव नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग, प.ह.न. 19, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 737/88 (पुराना ख.नं. 737/2) रकबा 0.0130 है. 1387.6 वर्गफीट भूमि को विक्रेता शिव कुमार सिन्हा पिता स्व. केजूराम सिन्हा से पंजीकृत बैनामा दिनांक 30/04/1988 को कय किया गया था। किन्तु पंजीकृत बैनामा में आवेदक के पिता का नाम सुखचैन यादव दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसका वास्तविक नाम लखन यादव है, जिसकी सुधार पत्र दिनांक 26/06/2025 को कार्यालय उप पंजीयक दुर्ग के दस्तावेज कं. सी.जी. 20252611111319 को निष्पादित किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत सुधार पत्रक एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख एवं जारी ऋण पुस्तिका में दर्ज सुखचैन यादव को सुधार कर गणेश राम पिता लखन यादव दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता जे. नरेश राव (J. NARESH RAO) पिता जे.डी. राव (J.D. RAO) उम्र-51 वर्ष, निवासी-प्लाट नं.-1/ए. ख.नं. 632/60, अवधपुरी, बिसाली, भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्न लिखित कथन पूर्वक करता हूँ। यह कि मैं वर्तमान में छ.ग. पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक क्रमांक-0765 के पद पर दुर्ग जिला-दुर्ग में पदस्थ हूं । यह कि, मेरे कक्षा दसवी एवं कक्षा बारहवीं के अंकसूची में मेरा नाम जे. नरेश राव (J. NARESH RAO) पिता जे.डी. राव (J.D. RAO) दर्ज है जो कि मेरा सहीं एवं वास्तविक नाम है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जग्गा नरेश राव (JAGGA NARESH RAO) पिता जे.डी. राव (J.D. RAO) दर्ज है कि तथा मेरे पेन कार्ड में मेरा नाम जग्गा नरेश राव (JAGGA NARESH RAO) पिता जग्गा दशरथ रावं (JAGGA DASHRATH RAO) दर्ज हैं तथा मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम नरेश राव (NARESH RAO) दर्ज है। यह कि मैं अपने समस्त आवष्यक दस्तावेजों में अपना सहीं एवं वास्तविक नाम जे. नरेश राव (J. NARESH RAO) पिता जे.डी. राव (J.D. RAO) दर्ज कराना चाहता हूं । यह कि जे. नरेश राव (J. NARESH RAO) पिता जे.डी. राव (J.D. RAO) जग्गा नरेश राव (JAGGA NARESH RAO) पिता जे.डी. राव (J.D. RAO) जग्गा नरेश राव (JAGGA NARESH RAO) पिता जग्गा दशरथ राव (JAGGA DASHRATH RAO) एवं नरेश राव (NARESH RAO)ये चारों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है । अतः यह, शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता एवं अपने समस्त आवष्यक दस्तावेजों जैसें सर्विस रिकार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड इत्यादि में अपना सहीं एवं वास्तविक नाम जे. नरेश राव (J. NARESH RAO) पिता जे.डी. राव (J.D. RAO) दर्ज करने तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन करवाने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता
जे. नरेश राव

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै मोहम्मद अशफाक उल्लाह खान पिता हिदायत उल्लाह खान केलाबाडी वार्ड 41 नजदीक महाराष्ट्र मंगलम दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001 यह शपथ करता हूं कि मैनें अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम मोहम्मद अशफाक उल्लाह खान रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मोहम्मद अशफाक उल्लाह खान पिता हिदायत उल्लाह खान से ही जाना पहचाना जाये।

शपथकर्ता
मोहम्मद अशफाक उल्लाह खान
पिता हिदायत उल्लाह खान
केलाबाडी वार्ड 41 नजदीक
महाराष्ट्र मंगलम दुर्ग (छ.ग.)
491001

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202507100700100 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक नौशाद अहमद कुरैशी पिता स्व. अब्दुल सत्तार कुरैशी निवासी म.नं.-46, फरीद नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1058/4 रकबा 391 वर्गफीट भूमि को आवेदक की दादी महमूदा बी. पति स्व. शेखचांद के द्वारा विक्रेता अनार बी. जौजे इनायत बेग से पंजीकृत बैनामा दिनांक 19/08/1968 को कय किया गया है । किन्तु केता महमूदा बी. पति स्व. शेखचांद की मृत्यु दिनांक 22/01/1991 को हो चुकी है । केता द्वारा आवेदित भूमि का भूलवश प्रमाणीकरण नहीं कराये जाने तथा आवेदक की दादी की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण करते हुए केता के विधिक वारिसनों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है ।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण नीलकंठ कुमार साहू एवं शालीकराम श्याम कुमार गोखले पिसरान श्याम कुमार गोखले उर्फ गुमान कुमार साहू उम्र लगभग-81 वर्ष, निवासी-कलमना मार्केट रोड रेल्वे कालोनी नागपुर तह. व जिला नागपुर (महाराष्ट्र), स्थायी निवासी-ग्राम-हसदा, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. बोरी तह. धमधा जिला-दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं दिये गये निर्देशों के आधार पर व की ओर से यह आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के परदादा बलिहार साहू के स्वामित्व व आधिपत्य में बंदोबस्त पूर्व भूमि खसरा नं.-342, 617, क्रमश रकबा 0.300, 1.450 हे., ग्राम-हसदा, तह. -धमधा, जिला-दुर्ग में स्थित है, बलिहार साहू की मृत्यु के पश्चात् उपरोक्त भूमि उनके पुत्र रघुवीर साहू एवं निरंजन साहू के नाम से नामांतरण हुआ था, तत्पश्चात् भू-अधिकार अभिलेख में मेरे पक्षकारगण के पिता श्यामकुमार गोखले उर्फ गुमान कुमार साहू व उसके भाई व बहन प्रकाश साहू, डोमार साहू एवं सुकवारो साहू के नाम से संयुक्त रूप से दर्ज हुआ, जिसके पश्चात् सुकवारो बाई द्वारा तहसीलदार बोरी के राजस्व प्रकरण क्र.-22/अ-27/2016-17 आदेश दिनांक-26. 04.2019 के माध्यम् से खाता बटवारा कर अपना हिस्सा अलग कर लिया है, तत्पश्चात् वर्तमान में बंदोबस्त पश्चात् का खसरा नं.-342/2, 617/2, रकबा 0.23 एवं 1.09 हे. मेरे पक्षकारगण के पिता श्यामकुमार गोखले उर्फ गुमान कुमार साहू, डोमार, प्रकाश आ. रघुवीर साहू के नाम पर दर्ज है। इस प्रकार उपर वर्णित भूमि मेरे पक्षकारगण के संयुक्त हिन्दू परिवार के पैतृक संपत्ति है जिसमें सभी लोगों का बराबर का हक व हिस्सा है। यह कि मेरे पक्षकारगण को विश्वस्त सूत्रों से यह ज्ञात हुआ है कि उपर वर्णित पैतृक भूमि को मेरे पक्षकारगण के चाचा प्रकाश एवं डोमार द्वारा मेरे पक्षकारगण के पिता श्याम कुमार गोखले उर्फ गुमान कुमार साहू को बहला-फुसलाकर तथा गुमराह कर विक्रय करने का सौदा कर लिया है, जबकि मेरे पक्षकारगण के पिता एवं चाचागणों को उपरोक्त भूमि को विक्रय करने की कोई आवश्यकता नहीं है। मेरा पक्षकार अपने पिताजी का सही तरीके से पालन-पोषण कर रहे हैं व उनके सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं वे लोग केवल मेरे पक्षकारगण को हक व हिस्सा न देना पड़े कहकर मेरे पक्षकारगण की इच्छा व सहमति के बगैर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि अवैध एवं अनुचित है, इसलिये इस आम सूचना के माध्यम् से आम वो खास लोगों को सूचित किया जाता है कि उपर वर्णित पैतृक जमीन को कोई भी व्यक्ति संस्था व निकाय द्वारा किसी भी प्रकार का खरीदी-बिक्री न करें, क्योंकि उक्त पैतृक भूमि पर मेरे पक्षकारगण का (बर्थराईट) है। इसके बावजूद भी यदि आप लोगों के द्वारा किसी प्रकार का विक्रय हस्तांतरण या अन्य व्ययन किया जाता है तो संपूर्ण सम्व्यवहार स्वत: ही शून्य एवं अवैध माना जावेगा तथा क्रेता को कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। सो सूचना जानें।

प्रणय यादव (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9754718573

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200098

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी रेखचंद साहू पिता/पति सुखीतराम साहू पता शक्तिनगर सिकोला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 832/11 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दामिन साहू पिता/पति स्व. रेखचंद साहू पता उरला, दुर्गेश साहू पिता/पति स्व. रेखचंद साहू पता उरला, लक्ष्मेन्द्र साहू पिता/पति स्व. रेखचंद साहू पता उरला, श्रीमती कीर्ति साहू पिता/पति स्व. रेखचंद साहू पता उरला जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू (GYANESHWAR PRASAD SAHU) पिता श्री खेम दास साहू (KHEM DAS SAHU) पता म.नं. 19, आबादी पारा, पोटियाकला वार्ड नं.53, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू (GYANESHWER PRASAD SAHU) त्यागकर नया नाम ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू (GYANESHWAR PRASAD SAHU) रख लिया हूं । अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू (PREETI MADARIA) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे ।

शपथकर्ता
ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू
पिता श्री खेम दास साहू
पता म.नं. 19, आबादी पारा,
पोटियाकला वार्ड नं.53, दुर्ग,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)
491001

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202507101000166/ब-121/सन्-24-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

खुर्सीपार प.ह.न. 00047 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती रोहाणी राजपूत
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती रोहाणी राजपूत पिता/पति/ विभाग-स्व. सुदर्शन सिंह राजपूत पता-खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा सुदर्शन सिंह राजपूत का मृत्यु दिनांक 11.07.2021 को सेक्टर 11 खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। 02 प्रकरण ब-121 में दर्ज हो 103 इश्तिहार का प्रकशन हो 04 आवेदक आहूत हो !-

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री अशोक राठी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400265/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री अशोक राठी आ./पति स्व. दुर्गादास राठी निवासी गंजपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	491/33	0.034 हे वर्गफीट 3700	वाणिज्यकर प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री मुरलीधर राठी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400264/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री मुरलीधर राठी आ./पति स्व. दुर्गादास राठी निवासी गंजपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	491/38	0.034 हे वर्गफीट 3700	वाणिज्यकर प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

शहीद स्मारक में किया पौधरोपण

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में देश के स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर क्रांतिकारी और स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के अमर सपूत बटुकेश्वर दत्त की जयंती पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, माया राम साहू, हरीश कुमार चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, राम प्यारे साहू, लक्ष्मीचंद्र दीवान, अरविंद कुमार साहू, अंजना चंद्राकर, गायत्री साहू, पूर्णिमा निषाद, रूचि, प्रणीत साहू, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

छात्रावास में गायत्री परिवार ने रामचरितमानस और फल किए वितरित

महासमुंद/नवप्रदेश। गायत्री परिवार द्वारा सिरपुर स्थित नवनिर्मित चेतना केंद्र में इन दिनों सामूहिक साधना का नियमित आयोजन किया जा रहा है। साधना उपरांत वरिष्ठ गायत्री परिजन व देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद के संरक्षक बीएन गुप्ता के नेतृत्व में आदिवासी कन्या छात्रावास सिरपुर में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को रामचरितमानस की प्रति भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई, जिससे उनमें आध्यात्मिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का संचार हो सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, विश्राम साहू, भारत साहू, मनोरमा साहू, परस चौहान, नीलाराम ठाकुर, अमर साहू सहित कई अन्य गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षाओं का प्रसार करना तथा सेवा भाव से जुड़कर मानव कल्याण में योगदान देना है।

श्री सिंधु सेवा मंडल द्वारा हुआ नि :शुल्क पौधा वितरण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर की समाज सेवी संस्था श्री सिंधु सेवा मंडल के द्वारा समाज सेवा की कड़ी में रविवार को एक और प्रयास किया गया। संस्था के द्वारा नवापारा नगर के शहीद हेमू कालानी चौक में पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु और लोगों को वृक्षारोपण के लिये प्रोत्साहित करने हेतु 500 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसमें कई तरह के वृक्षों के पौधे वितरित किये गये जैसे कि अमरुद, बेल, अनार, नीम, बोहार, आंवला, गुलमोहर, करंज, महोगनी आदि। पर्यावरण प्रेमी तथा नवापारा नगर के अलावा आस पास के गांव और कुछ स्कूल के बच्चे, शिक्षक भी वृक्षारोपण के लिये पौधे ले गये।श्री सिंधु सेवा मंडल के सदस्यों ने सभी आम नागरिकों से अपील की है कि अपने आस पास के पर्यावरण के लिये सभी जागरूक हों और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। बारिश का यहूसम वृक्षारोपण हेतु बहुत अनुकूल रहता है।

लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हो रहा नुक्कड़ नाचा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के विभिन्न वार्डो,चौक चौराहों पर पालिका द्वारा लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिको को स्वच्छता का संदेश देने, लोगो को जागरूक करने एवं शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने का है। शहर के विभिन्न चौक-चौहारो पर लोक कला मंच छत्तीसगढ़ माटी के कलाकारो द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक करने संदेश दिया जा रहा है,इस नाटक को देखने चौक चौराहों पर अच्छी खासी भीड़ इकट्ठी हो रही है। पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीष तलरेजा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान ने लोगो से अपने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए ,अपने घरों का कचरा,संस्था का कचरा,कचरा गाड़ी में देकर,सहयोग करने की अपील की है।

प्रज्ञा भारती के सानिध्य में संपन्न हुआ त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक

■ **विधायक एवं निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने किया अभिषेक**

राजिम/नवप्रदेश। सावन मास के शुभ अवसर पर नगर की सनातन ध्वज वाहिनी राजिम द्वारा के नेतृत्व में प्रख्यात आध्यात्मिक साध्वी महंत प्रज्ञा भारती के सानिध्य में त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम का भव्य आयोजन राजिम में संपन्न हुआ। आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण बना रहा।

प्रज्ञा भारती जी ने तीनों दिनों तक भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए शिव तत्व की व्याख्या की और पार्थिव शिवलिंग निर्माण के गूढ़ आध्यात्मिक महत्व को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि मिट्टी से बना शिवलिंग हमें जीवन की नश्वरता, विनम्रता और परमात्मा से एकत्व की सीख देता है। रुद्राभिषेक के माध्यम से हम अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर कर सकते हैं।

इस पावन अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू एवं छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू भी उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने रुद्राभिषेक में भाग लेकर क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए भगवान शिव से आशीर्वाद मांगा। प्रज्ञा भारती जी के निर्देशन में तीन दिवसीय शिवलिंग निर्माण।

कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लिया और भंडारे का लाभ लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति द्वय नंदनी कोमल डीडी, नंदनी ओमकार साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, छाया राही, किरण तिवारी, सीमा शर्मा, तनु मिश्र, भावना शर्मा, सविता गोस्वामी, ईश्वरी शर्मा, देवकी साहू, खुशी साहू सहित नगरवासी उपस्थित थे।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य रुद्राभिषेक संगीतमय शिव भजन, शिव तांडव, सामूहिक आरती

इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं व बच्चों की भागीदारी रही समापन दिवस पर विशाल भंडारा व प्रसाद वितरण किया गया। विधायक रोहित साहू ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि शिवभक्ति का मार्ग ही समाज में शांति और समरसता ला सकता है।

गीत-संगीत, नृत्य, रैंप वॉक और पर्यावरण संरक्षण के संदेश ने मोहा मन

सावन की हरियाली में सजी संस्कृति, समर्पण की छटा

गरियाबंद/ नवप्रदेश। सावन उत्सव का भव्य आयोजन,गरियाबंद में यारिया फ़ॉरएवर महिला समूह ने रविवार को एक निजी आवास में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया। इस उत्सव का नेतृत्व समूह की अध्यक्ष भारती सिन्हा ने किया, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम में सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संदेशों का समावेश हुआ। इस बार उत्सव की थीम महिला सशक्तीकरण और ग्रीन अर्थ रखी गई थी, जिसने सभी को आकर्षित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के भजनों और कीर्तन से हुई, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद महिलाओं ने पारंपरिक हरे परिधानों में सज-धजकर झूला झूलने की रस्म निभाई, जो सावन की हरियाली और उमंग का प्रतीक है। महिलाओं ने हरियाली तीज के महत्व पर चर्चा की और इसे केवल एक मौसम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा बताया।

महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इस उत्सव में महिलाओं ने न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया, बल्कि महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दर्शाया। गीत-संगीत, नृत्य, रैंप वॉक और मनोरंजक खेल स्पर्धाओं ने उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सिन्हा ने बखूबी किया, जिनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा। अतिथियों ने अपने संबोधन में सावन के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे एकता और खुशियों का प्रतीक बताया।

?इस अवसर पर भारती सिन्हा, मोनिका सिन्हा, रचना सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, मोनिका सेंडे, समीक्षा सोनी, निशा गुप्ता, पूजा गुप्ता, लाइरा सोनी, ममता सोनी सहित यारिया फ़ॉरएवर समूह की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

सभी ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसने सभी के मन में भक्ति और एकता का भाव जागृत किया। यह सावन उत्सव न केवल सांस्कृतिक उत्साह का प्रतीक बना, बल्कि महिलाओं के सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यारिया फ़ॉरएवर समूह ने इस आयोजन के माध्यम से अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया।

आकर्षण का केंद्र रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम में सावन के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। नृत्य प्रस्तुतियों में महिलाओं ने अपनी ऊर्जा और उत्साह से माहौल को जीवंत बना दिया। रैंप वॉक में सभी ने ह हरे रंग की पोशाक में अपनी खूबसूरती और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, मनोरंजक खेल स्पर्धाओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

बाइक बेचने ग्राहक तलाश रहे दो चोर, चढ़े पुलिस के हत्थे

महासमुंद/नवप्रदेश। चोरी की बाइक बेचने ग्राहक तलाश रहे दो शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 8 बाइक बरामद की है, जिसकी कीमत 3.40 लाख रुपये बताई जा रही है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी, रमनटोला, अमर नगर, अम्बेडकर चौक, महासमुंद निवासी सचिन कुमार चंद्राकर ने 13 जुलाई को बाइक केटीएम 200 ड्यूक सीजी 04 क्यूबी 3167 को चोरी की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चोर की पतासाजी कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिला कि चिंगरौद निवासी भरत साहू (20) केटीएम बाइक बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करते चिंगरौद नाले के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ करने पर विकास ध्रुव के साथ मिलकर दो-तीन माह पूर्व से दोनों मिलकर बाइक चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपी वार्ड नंबर 11 पचरीपारा कुरूद हाल मुकाम चिंगरौद निवासी विकास ध्रुव (20) को पकड़ा। जिसके पास से भी एक बिना नंबर होण्डा साइन जब्त किया गया, जिसे ग्राम नारी कुरूद से चोरी करने की बात कबूल किया है।

जवानों के लिए बहनों ने भेजा रक्षासूत्र

महासमुंद/नवप्रेश। देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के साहस और त्याग के आगे हर शब्द छोटा है। सुरक्षा जवानों के कारण ही हम निश्चिंत होकर मुस्कुरा पाते हैं। ये राखी का धागा हमारी भावनाओं और आपके बलिदान का प्रतीक है। आप सदा सुरक्षित और विजयी रहें, यही हमारी दुआ है। उक्त संदेश है जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर का। जनपद पंचायत महासमुंद से देश की सीमा पर सुरक्षा के लिए तैनात सैनिकों के लिए राखी, धागे, मिट्टी और तिलक महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे को सौंपा गया।

स्वरोजगार देने के नाम पर महिलाओं से ठगी

■ **समूह बनाने का झांसा देकर महिलाओं से ऐंठे 20-20 हजार, आरोपी गिरफ्तार**

राजिम/नवप्रदेश। स्वरोजगार के नाम पर अलग अलग महिला समूह बनवाने के नाम पर लगभग 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को राजिम पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी ने महिला समूह के नाम पर राजिम क्षेत्र के आसपास गांव में अनेक महिलाओं से ठगी की थी। महिलाओं की शिकायत के बाद राजिम पुलिस ने यह कार्रवाही की है।

जानकारी के अनुसार ममता साहू पति सतीष कुमार उम्र 42 वर्ष निवासी परसदाजोशी ने थाना राजिम में रिपोर्ट दर्ज कराया की वर्ष 2024 में सत्येन्द्र सोनकर निवासी रायपुर ने फोन कर बताया की स्वाभिमान फाउंडेशन के तरफ से महिलाओ को स्वरोजगार हेतू अगरबती पैकिंग, पेन पेंसिल पैकिग एवं सेनेटरी पैड व अन्य कार्य करने पर घर बैठे काम मिलेंगा।

जिसके बाद सत्येन्द्र सोनकर ने प्रार्थीया के गांव आ कर बताया कि स्वाभिमान फाउंडेशन योजना के माध्यम से चार से पांच महिलाओ का एक-एक समूह बनाना है और फाउंडेशन की ओर से हर समिति को घर बैठे स्वरोजगार हेतू अगरबती पैकिग, पेन पेंसिल पैकिग एवं सेनेटरी पैड अन्य समान पैकिग के लिये समूह मे मशीन एवं अन्य कच्चा समान दिया जाएगा । पैकिंग करने के बाद उक्त सामान को फांउडेशन के माध्यम से बाजार में बेचा जावेगा। लेकिन इसके लिए समूह का खाता खुलवाने के लिए प्रत्येक समूह को 20000 रू देना होगा। आरोपी के कहने पर महिलाओं द्वारा 20000 रू नगद दिया गया। इसके साथ ही अलग-अलग महिला समूह के नाम पर आसपास गांव के अन्य महिलाओं से करीबन 15 लाख रूपये ठगी किया।

पुलिस ने इस मामले में धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी सत्येन्द्र सोनकर पिता स्व नागेन्द्र सोनकर उम्र 42 वर्ष रामकुण्ड रायपुर, थाना आजाद चौंक को हिरासत में लिया है। मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

विधायक लापता बताने वाले पाम्पलेट से भाजपाई नाराज

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को लापता बताने वाले पाम्पलेट लगाए जाने से नाराज भाजपाजनों ने इसकी निंदा कर विरोध करते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। सिरपुर-पटेवा भाजपा मंडल और जिला मुख्यालय के भाजपा नेताओं ने सिरपुर चौकी और सिटीकोतवाली में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ सार्वजनिक स्थानों पर लगे पाम्पलेट में विधायक के गुम होने की बात लिखी गई है।

यूको बैंक के वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही के परिणाम

रायपुर/नवप्रदेश। कारोबार वृद्धि - बैंक का कुल करोबार वर्ष-दर-वर्ष 13.51% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 30.06.2025 को 5,23,736 करोड़ हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 16.48% की वृद्धि दर्ज करते हुए ?2,25,101 करोड़ तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 11.37% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2,98,635 करोड़ हो गया। लाभप्रदता एवं प्रतिफल-दिनांक 30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए निवल लाभ 607 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 551 करोड़ की तुलना में 10.16% की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। दिनांक 30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन लाभ 1,562 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1,321 करोड़ था, जिसमें वर्ष-दर- वर्ष आधार पर 18.24% की वृद्धि दर्शाता है।

रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में अग्रिम- बैंक के आरएएम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष 23.47% की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह 1,25,927 करोड़ तक पहुँच गया।जिसमें रिटेल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 30.73% की वृद्धि, कृषि अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 15.46% की वृद्धि तथा एमएसएमई अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 20.33% कीवृद्धि शामिल है।

एनपीए में कमी - दिनांक 30.06.2025 को सकल एनपीए में वर्ष दर वर्ष 69 आधार अंकों की कमी दर्ज की गई, जिससे यह 2.63% हो गया, जबकि निवल एनपीए दिनांक 30.06.2025 को वर्ष दर वर्ष 33 आधार अंकों की कमी के साथ 0.45% हो गया।

प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए आयोजित हुआ तीसरा टेस्ट

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 4 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक डी.बसंत साव ने बताया कि 4 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को तीसरा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -3 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़, भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। तीसरा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 4 टेस्ट सीरीज के क्रम चौथा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -4 आगामी 26 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

भोलेनाथ दर्शन | **विधायक रोहित साहू के साथ त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम में हुए सहभागी**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सपत्नीक पहुंचे राजिम, भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वर महादेव के किए दर्शन

■ **कुलेश्वर महादेव दर्शन के दौरान मंत्री ने गाया भजन, श्रद्धालु हुए भावविभोर**

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा कल सपत्नी पवित्र नगरी राजिम पहुँचे। उन्होंने त्रिवेणी संगम स्थल पर स्थित भगवान राजीवलोचन एवं कुलेश्वर नाथ महादेव के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी उनके साथ उपस्थित रहे।

कुलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दर्शन के समय एक विशेष दृश्य देखने को मिला, जब मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वयं भक्ति भाव से भजन गाया। उनके स्वर में शिवभक्ति सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और मंदिर परिसर में एक अत्यंत दिव्य वातावरण उत्पन्न हो गया।

दर्शन उपरांत त्रिदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और भगवान शिव का अभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, भजन संध्या और सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता से राजिम नगरी पूरी तरह शिवमय हो उठी।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राजिम जैसे तीर्थ में इस तरह का आयोजन छत्तीसगढ़ की धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करता है।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक है, जो समाज को आध्यात्मिक शक्ति से जोड़ता है। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पूजन नहीं, बल्कि सनातन परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाना और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना भी रहा।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, संजीव साहू, अमर ठाकुर, रेणुका साहू, जितेंद्र पेंदरिया, युवराज साहू, सुरेश पटेल, अजय पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

नवापारा में फिर चाकूबाजी : मामूली बात पर युवक पर चाकू से हमला

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मामूली बात पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामला रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, तर्री निवासी तीज पिता जगदीश सोनकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें प्रार्थी ने बताया कि वह घर पर टाइल्स फिटिंग का काम करता है। बताया कि नवापारा दम्मानी कॉलोनी में बीरबल सिंह बंजारा के घर में टाइल्स फिटिंग का काम चल रहा है। हर दिन की तरह वह रविवार 20 जुलाई को सुबह काम पर गया था। दोपहर करीब 3 बजे वह घर के पीछे बाथरूम गया था। उसी समय मोहल्ले का कान्हा शर्मा आया और अश्लील गालियां देते हुए विवाद करने लगा। जब उसने गालियां देने से मना किया तो कान्हा गुस्से में आ गया और जान से मारने की धमकी देते हुए तीज पर चाकू से हमला कर दिया।

पीएम आवास पर भाजपा के झूठे दावे की रोज खुल रही है पोल, पात्र हितग्राही आत्महत्या करने मजबूर

रायपुर/नवप्रदेश। धमतरी कलेक्टोरेट में जनदर्शन के दौरान पीएम आवास से बार बार नाम काटे जाने से व्यथित युवक के आत्मदाह के प्रयास को भाजपा सरकार के वादाखिलाफी का प्रमाण करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि यह सरकार 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने के नाम पर केवल झूठे दावे करके वाहवाही लूट रही है प्रार्थी को नियमो का हवाला देकर डेढ़ साल से घुमाया जा रहा था, सर्वे सूची में शामिल करने का झांसा देकर योजना का लाभ अब तक नहीं दिया गया जिससे व्यथित होकर युवक ने खुद पर केरोसिन डाल लिया है और आग लगाने की कोशिश की। पूरे प्रदेश में पीएम आवास के पात्र हितग्राही करण सोनवानी की तरह पक्के मकान की बाट जोह रहे हैं लेकिन यह सरकार केवल झूठे दावे करके श्रेय लेने में लगी है अब लोगों के धैर्य खत्म होने लगा है। इस सरकार से उम्मीदें खत्म हो चुकी है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार के द्वारा खिलाफ से पूरे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। भाजपा नेता राजनैतिक इवेंट के लिए बार बार योजना का फार्म भरवाते हैं, उनकी लालच देकर उनकी मजबूरी का तमाशा बनाते हैं लेकिन जब देने की बारी आती है तो नाम कट जाता है। डोमा गांव रहने वाले करण सोनवानी ने पीएम आवास योजना के लिए इसी तरह ही आवेदन किया है, लेकिन बार बार सूची से उसका नाम काटा जा रहा था।

इसी से परेशान होकर ऐसा अनुचित कदम उठाने मजबूर होना पड़ा। संवेदनहीन सरकार में पीड़ित ही प्रताड़ित हो रहे हैं।

कैलाश गिरी बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का लगा ताता

रायपुर/नवप्रदेश। सावन सोमवारी के दूसरे सोमवार को बसंत विहार कॉलोनी, गोंदवारा स्थित कैलाश गिरी शिव मंदिर समिति में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बता दे कि मंदिर में सावन के प्रत्येक दिन रूद्राभिषेक व कैलाश गिरी बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाता है।

मंदिर स्थापना के बाद से कॉलोनी वासी बड़ी संख्या में रोज जल चढ़ाने पहुचते है, तथा अपनी मनोकामना प्राप्ति हेतु कैलाश गिरी बाबा से प्रार्थना करते है। मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त कालोनी वासियों के सुख समृद्धि के कामना के लिए 04 अगस्त सावन के आखिरी सोमवार को विशेष पूजन हवन व अनुष्ठान किया जायेगा तथा पूजन पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया यगा है।

न्यूज गैलरी

वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की बिगड़ी तबीयत, रामकृष्ण में उपचार जारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पत्रकार चंद्राकर को सीने में तेज दर्द महसूस हुआ था, जिसके चलते तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की हालत अब पहले से बेहतर बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम वे कार्यालय में ही थे, रात करीब 9 बजे उन्हें सीने में दर्द हुआ। कार्यालय में मौजूद कर्मियों ने उनकी बिगड़ती स्थिति को देखते हुए तत्काल उन्हें उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मेडिकल इमरजेंसी बताई और उन्हें दाखिल कर उपचार शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान उनका एक छोटा ऑपरेशन भी करना पड़ा, जिसके बाद 24 घंटों के ऑब्जर्वेशन में रखा गया था। अब वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है, लेकिन फिलहाल उन्हें कुछ दिनों के लिए डॉक्टरों की निगरानी में रखा जाएगा।

निधन

श्रीराम मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। यह अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री श्रीराम मिश्रा (पुत्र स्व. सूर्यनाथ मिश्रा, निवासी मिश्र सदन, त्रिवेणी विहार, लालपुर, रायपुर) ÷का देहावसान 12 जुलाई 2025 (शनिवार) को हो गया।हिंदू धर्मानुसार कार्यक्रम इस प्रकार हैं : तेरहवीं संस्कार एवं शांति भोज - दिनांक 24 जुलाई 2025 (गुरुवार) को हमारे निवास स्थान मिश्र सदन के समीप सिंचाई कॉलोनी सामुदायिक भवन, लालपुर रायपुर में समयः दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। आप सभी श्रद्धेय जनों से करबद्ध निवेदन है कि कृपया उक्त अवसर पर पधारकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें एवं अपने स्नेहिल उपस्थिति से शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करें।

भाजपा ने जनता को दी गलत और गुमराह करने वाली जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने बहुत सी जानकारी गलत और गुमराह करने वाली अपनी प्रेस वार्ता में दी है। दरअसल उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और राज्यों की भाजपा सरकारों और अडानी की करतूतों पर पर्दा डालकर भ्रमित करने के लिए गलत जानकारियां दीं हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकारों ने अडानी की गोद में बैठकर फ़ैसले किए और किस तरह से अडानी को ही कोयले की सारी ठेकेदारी सौंप दी। केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य की भाजपा सरकारों को खदान आवंटित किए और राज्य की भाजपा सरकारों ने अडानी को एमडीओ नियुक्त कर दिया। सर्वप्रथम परसा ईस्ट केते बासन और परसा कोल ब्लॉक को अनुमति देने की मांग रमन सिंह सरकार के द्वारा की गई जिस पर मनमोहन सिंह सरकार के रहते हुए अनुमति जारी हुई परंतु बिलासपुर के अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव के द्वारा इस अनुभूति को चुनौती दी गई और 24 मार्च 2014 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रधान पीठ दिल्ली ने यह सभी अनुमतियां रद्द कर दी। जितने भी कोल ब्लॉक 2014 के पहले आवंटित हुए थे, उन सभी को सुप्रीम कोर्ट ने अपने 25 अगस्त 2014 और 24 सितंबर 2014 के फैसले से रद्द कर दिया था। अतः यह कहना कि कोई कोल ब्लॉक मनमोहन सिंह सरकार के द्वारा आवंटित था इसलिए संचालित है, यह सर्वथा गलत और गुमराह करने वाला है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार के समय कोयला ब्लॉक आवंटन के लिए कोई पृथक कानून या सुप्रीम कोर्ट का दिशा निर्देश नहीं था इसलिए पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार भी शामिल है, जिसने इस नीति के तहत 23 कोल ब्लॉक अलॉट किए थे, उन सभी से यह गलतियां हुई। परंतु सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जब कानूनी प्रक्रिया साफ हुई तब मोदी की सरकार ने नया कानून बनाया। मोदी की सरकार 31 मार्च 2015 को परसा ईस्ट केते बासन, परसा और केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक हसदेव क्षेत्र में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को कोयला खनन के लिए और अडानी के साथ संयुक्त उपक्रमों को कोयला खनन के लिए प्रदान किए।

कांग्रेस बदलापुर की राजनीति करती तो भाजपा के आधे से ज्यादा नेता जेल में होते: धनंजय

मंत्री केदार कश्यप के गजनी वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मंत्री केदार कश्यप को याद होना चाहिए उनकी पत्नी के स्थान पर उनकी साली ने परीक्षा दिया था, जिस पर नकल प्रकरण बना था। नान घोटाला में तत्कालीन मुख्यमंत्री के परिजनों के नाम नान डायरी में दर्ज हैं। पनामा पेपर मामले में भाजपा के कई नेताओं के पुत्रों के नाम है। गढ़मुक्तेश्वर में रिसार्ट किसका है? जिसके लिए कलकत्ता की दर्जनों फर्जी कंपनियों से एंट्रियां ली गयी, क्या ये मनी लॉड्रिंग नहीं है? कांग्रेस पार्टी अगर बदलापुर की राजनीति करती तो आज भाजपा के आधे से ज्यादा नेताओं के परिजन जेल में होते। कांग्रेस पार्टी राजनीतिक लड़ाई में कभी भी विपक्षी दल के नेताओं के परिजनों को न तो प्रताड़ित की है, न ही परेशान की है, क्योंकि कांग्रेस राजनीति में सुचिता बनाए रखना जानती है।

मिस्टर मिस मिसेज़,सीजन 3 प्रतियोगिता आयोजन

■ **शहर की नामी संस्था निहार, प्रोडक्शन की प्रस्तुति**

रायपुर/नवप्रदेश। स्थानीय रायपुर में फैशन के दुनिया की नामी संस्था निहार,प्रोडक्शन के अगला कदम आगामी 3 अगस्त को ग्रैंड फिनाले के तहत प्रदेश के युवकों. युवतियों एवं श्रीमती की ,सौंदर्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन वुड केसल होटल में शाम 5 बजे से आयोजित की गई है इसकी विस्तृत जानकारी निहार प्रोडक्शन के आयोजक नेहा पटेल ने बताया कि फैशन शो में आज 20 जुलाई को प्रदेश से आए हुए प्रतिभागियों का दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक वुड केसल ऑडिटोरियम में मिस्टर, मिस,मिसेज़ का फाइनल ऑडिशन किया गया जिसमें 3 केटेगरी में 50 प्रतिभागियों का फाइनल चयन किया गया ।मिस केटेगरी में वर्ग - में मीडियम व वर्ग बी केटेगरी में प्लस 17 वर्ष 40 वर्ष

वहीं मिसेज़ में 2 केटेगरी में

5.3 हाइट एवं 5.3 हाइट से ऊपर रखा गया है चयन के पश्चात आगामी 1 अगस्त को चयनित प्रतिभागियों का ग्रूमिंग सेक्शन की प्रक्रिया प्रारंभ होटल के परिसर में किया जाएगा।अंतिम ग्रैंड फिनाले 3 अगस्त को शाम 5 बजे से रखा गया है पूरे आयोजन में प्रदेश से आए प्रतिभागियों के लिए रुकने की व्यवस्था के साथ लंच. डिनर भी रखा गया है साथ ही साथ स्पर्धा में विजेताओं को नगद राशि के साथ ट्रॉफी अवम सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।

आत्मा ही हमेशा आनंद में रहती है, हमें मूल स्वरूप को पहचानना है : श्री मनीष सागरजी महाराज

जीवन में उच्च आकांक्षा होनी चाहिए, महत्वाकांक्षा नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में चातुर्मासिक प्रवचनमाला में सोमवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि उच्च आकांक्षा होनी चाहिए, लेकिन महत्वाकांक्षा नहीं होनी चाहिए। मैं ऊपर उठू, मेरा जीवन ऊपर उठे, मैं गुणों से ऊपर उठ जाऊं, मैं अपनी पवित्रता एवं सद्गुणों में ऊपर उठ जाऊं, यह भावना तो सभी की होनी चाहिए। मैं महत्वपूर्ण बन जाऊं, मुझे महत्व मिले, मेरा नाम हो, मेरी प्रसिद्धि हो, मेरी पहचान हो ऐसी महत्वाकांक्षा नहीं होनी चाहिए। अपने भीतर क्या है, यह अपने को टटोलना है। कहीं उच्च आकांक्षा की आड़ में महत्वाकांक्षा तो नहीं है, क्योंकि महत्वाकांक्षा बहुत खतरनाक चीज है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आत्मा ही हमेशा आनंद में रहती है। हमें मूल स्वरूप को पहचानना है। यह परमात्मा का ही स्वरुप है और यही हमारा ही स्वरूप है।आप आसक्ति और व्यसनों की दुनिया में भटकाव में रहते हो। अर्थ और भोग में फंसे हो। यह जिन शासन नायाब हीरा आपको मिला है। जिन शासन को पाने के बाद आपको अनंतकाल में अपने अस्तित्व की पहचान करने वाला नहीं मिलेगा। इस सच्चे यथार्थ अस्तित्व की पहचान आपको होनी चाहिए। आत्मा की अनंत शक्ति को पहचानना चाहिए। यह अजर, अमर, अविनाशी है। यह ज्ञान, दर्शन, चारित्र्य का अनंत गुना का पिंड है। यह आत्मा भले हमारी बीज रूप है लेकिन यही आगे विशाल वृक्ष बनने की संभावना रखती है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जो नश्वर है उसे अपना मानोगे तो मुंह की खाओगे। आत्मा में जो लेवल बढ़ा वह आपका लेवल है। पूरा शरीर जीव नहीं है, केवल आत्मा ही मुख्य है। सभी वैसे हैं जैसे परमात्मा हैं लेकिन सब भ्रम में है। केवल कर्मों की कालिख के कारण ही संसार में हो। आपके कर्मों के कारण ही ना जाने कितने शरीर मिले हैं। हमें हमारे अंदर के जीव को ढूंढना है। ऊपर जो भी है वह जड़ है और भीतर जो आत्मा बस वही वह चेतन है।

विद्युत कंपनी जनसंपर्क प्रमुख कार्यालय में मीठी नीम की बगिया, पौधरोपण संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के आह्वान पर ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान'' के अंतर्गत विद्युत कंपनी के प्रदेश में विस्तृत कार्यालय परिसरों में 50,000 पौधे रोपने का कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसके तहत विद्युत कंपनी जनसंपर्क प्रमुख, अतिरिक्त महाप्रबंधक जनसंपर्क कार्यालय परिसर में सावन सोमवार 21 जुलाई के दिन मीठी नीम के पौधे रोपे गए।

अतिरिक्त महाप्रबंधक जनसंपर्क श्री उमेश कुमार मिश्र के मुख्य आतिथ्य में प्रबंधक श्री गोविंद पटेल, सहायक प्रबंधक श्रीमती अनामिका मण्डावी, सहायक मुख्य छायाकार श्री संजय टेम्बे, कार्यालय सहायकगण श्री प्रसन्न कुमार दुबे एवं शुभम कुमार बंछोर, कार्यालय परिवार के सदस्य श्री राजेंद्र बाघमार तथा छगनलाल चक्रधारी द्वारा मीठी नीम के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि औषधीय गुणों से युक्त तथा रसोई में रोज ही उपयोगी मीठी नीम के नाम से कार्यालय परिसर का एक हिस्सा सुरक्षित रखा जाएगा और यहां पर सिर्फ इसी पौधे का रोपण किया जाएगा जिसे मीठी नीम की बगिया के नाम से जाना जाएगा।

खनिज संपदा की लूट और जंगल बचाने प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 22 जुलाई को 11:00 बजे से 2:00 बजे तक पांच संभागों के सभी प्रमुख मार्गो राष्ट्रीय राजमार्गो एवं राजकीय राजमार्गो पर चक्का जाम कर आर्थिक नाकेबंदी किया जायेगा। यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की जनता के द्वारा छत्तीसगढ़ के संसाधनों की लूट का प्रतिकार होगा। इस नाकेबंदी से एम्बुलेंस तथा स्कूल वाहनों को अलग रखा गया है। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाना है। रायपुर में मुंबई, कोलकाता नेशनल हाईवे पर वीआईपी चौक तेलीबांधा, तथा बिलासपुर, रायपुर हाईवे पर सांकरा, आरंग, अभनपुर, तिल्दा, खरोरा में नाकेबंदी की जायेगी। इसी प्रकार प्रदेश के सभी शहरों में चक्का जाम नाकेबंदी होगी। अडानी छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट रहा तथा उसका विरोध करने वालों के यहां ईडी की छापेमारी करवा रहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी अडानी और भाजपा की साजिश है।

प्रदेशभर के 36 उत्कृष्ट एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स गौरव अवार्ड प्रदान किये

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में मेगा एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स ,गौरव अवार्ड की मेज़बानी कर रहे होटल मैरियट में आयोजित गौरव रत्न सीमित आमंत्रण वाले कार्यक्रम में राज्यभर के 36 उत्कृष्ट एमएसएमई उद्यमियों को। श्रेणियों में विशेष अतिथि अमर परवानी ने सम्मानित किया। स्टार्टअप, रिटेल, ट्रेडिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेस, स्पेशल अचीवमेंट, और सक्सेस स्टोरी के अलावा, एक विशेष सम्मान ÷गौरव रत्न' छत्तीसगढ़ के प्रियंक पटेल (नुक्कड़ टी कैफे) को प्रदान किया गया।

आयोजन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि राजीव अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया।

यह आयोजन लर्निंग बैगर्स द्वारा प्रस्तुत और मिलेनियल नेटवर्क द्वारा रणनीतिक रूप से क्रियान्वित किया गया, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की उद्यमशीलता को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाना है। 300 से अधिक नामांकनों में से, एक निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से 36 उद्यमियों को उनके नवाचार, प्रभाव और नेतृत्व के लिए चुना गया। प्रमुख सम्मानितों में शामिल हैं,धवल वरु (वेल्थ सफारी) स्पार्क इन द डार्क अवार्ड,कृति शर्मा (आमंत्रण लक्ज़रीद यूनिसेक्स सैलून) फेवरेट वुमन एनट्रपप्नयोर चतर सिंह सलूजा (कार श्रृंगार) मोस्ट ट्रसटेड ब्रांड जसविंदर सिंह (बलदेव फ़र्नीचर्स) एक्सीलेंस इन मैन्युफैक्चरिंग,नमित गोयल (चाय गोविंदम) स्मार्ट इनोवेशन कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण रहा। बदलते समय में नेतृत्वः व्यापार के भविष्य को अपनाना' विषय पर पैनल चर्चा, जिसका संचालन किया रोहित राज (संस्थापक, लर्निंग बैगर्स) ने की

मूल्यांकन समितिः कोमल शिल्पी सिंह, दिनेश रॉय, अनुभूति राज,राहुल दीक्षित रह। इस पुरस्कार की संकल्पना और क्रियान्वयन लर्निंग बैगर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, तथा रणनीतिक क्रियान्वयन मिलेनियल नेटवर्क द्वारा किया गया, जो एक राज्य स्तरीय पहल है जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के एमएसएमई अग्रदूतों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर दृश्यता का निर्माण करना है।

अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं:

धवल वरु (वेल्थ सफारी) स्पार्क इन द डार्क अवार्ड
कृति शर्मा (आमंत्रण लक्ज़री - द यूनिसेक्स सैलून) पसंदीदा महिला उद्यमी,चटर सिंह सलूजा (कार श्रृंगार) मोस्ट ट्रस्टेड ब्रांड अवार्ड,जसविंदर सिंह (बलदेव फर्नीचर्स) - विनिर्माण में उत्कृष्टता नमित गोयल (चाय गोविंदम) - स्मार्ट श्री विक्रमादित्य तीर्थानी आधुनिक नेतृत्व में एआई की डॉ. यूसुफमेमन उद्यमियों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण शुभिका जैन बिल्डिंग रेसिलिएंट।
इवेंट डायरेक्टरः वीरेन नागवंशी, सीईओ - मिलेनियल नेटवर्क
इवेलुएशन कमिटीः कोमल शिल्पी सिंह, दिनेश रॉय, अनुभूति राज, और राहुल दीक्षित रहे

श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने पूर्ण किए 14 गौरवशाली वर्ष

■ **स्थापना दिवस पर निःशुल्क ओपीडी एवं जांच शिविर का आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित श्री मेडिशाइन सुपर स्पेशियलिस्ट हॉस्पिटल, जो आधुनिक तकनीकों और समर्पित सेवाओं के लि ए जाना जाता है, ने अपने सेवा के 14 सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं।

इस अवसर पर 3 जुलाई को हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर मरीजों के लिए निःशुल्क ओपीडी एवं बीएमडी (Bone Mineral Density)और युरिक एसिड जांच का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

इसके साथ ही मरीजों को और अधिक लाभ देने हेतु 3 जुलाई से 3 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से 8 बजे तक एक माह तक निःशुल्क ओपीडी सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेवा पूर्व पंजीयन के माध्यम से उपलब्ध रहेगी।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा (ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन) एवं डायरेक्टर श्रीमती कात्यायनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल की स्थापना सेवा और समर्पण की भावना के साथ की गई थी। आज यह संस्थान प्रदेश ही नहीं बल्कि मध्य भारत के प्रमुख हाईटेक हॉस्पिटल्स में अपनी पहचान बना चुका है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने प्रदेश में कई तकनीकी नवाचारों की शुरुआत की है, जिसमें छत्तीसगढ़ की पहली Hyperbaric O&ygen Therapy (HBOT) की सुविधा शामिल है। साथ ही कंप्यूटर नेविगेशन मशीन के माध्यम से ब्रेन, स्पाइन एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की जाती है। हमारे यहां एक वर्श में सफलतापूर्वक 18 किडनी ट्रांसप्लांट की गयी है। हृदय रोग विभाग में कैथलैब की सुविधा उपलब्ध है। कटे फटे होट एवं तालू की निःशुल्क एवं सफलतापूर्वक 9000 सर्जरी की जा चुकी

इन 14 वर्षों की यात्रा में श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं, और आज यह हॉस्पिटल मरीजों को श्रेष्ठ, सुलभ और मानवीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

■ न्यूज गैलरी

कोपेडीह में बारिश में भी लोगों को नहीं मिल रहा पानी

राजनांदगांव। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोपेडीह (देवादा) में बारिश के दिनों में भी लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणजनों ने बताया कि गांव में नल-जल योजना से पानी आता है, लेकिन घरों तक नहीं पहुंच रहा है। महिलाओं ने बताया कि गांव के सौर ऊर्जा सिस्टम में ढक्कन खुला होने के कारण उसमें जीव जंतु घुस जाते हैं। अनजान लोग पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सौर ऊर्जा के सिस्टम को ढक्कन को पूरी तरह बंद किया जाए और नल-जल योजना से पानी उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीरता से पहल करें।

आईटीआई में प्रवेश, 23 तक आवेदन

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य की शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए दोबारा रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र 23 जुलाई तक आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। किसी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिये अभ्यर्थी निकटतम शासकीय आई.टी.आई. से अथवा वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाईन नंबर पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। पूर्व के आवेदक अगले चरण (राउण्ड) में शामिल होना चाहते है। उन्हें अपने लॉगिन आई.डी. और पासवर्ड से लॉगिन कर अपनी प्रोफाइल संस्था, व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन दोबारा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उन्हें अगले चरण में शामिल नहीं किया जाएगा।

यूनिसेफइंडिया के अधिकारी पोट्ठ लईका चौपाल में हुए शामिल

राजनांदगांव। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक गुरूवार को पोट्ठ लईका चौपाल का आयोजन किया जाता है। राजनांदगांव विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4 सोमनी में आयोजित पोट्ठ लईका चौपाल में शामिल होने यूनिसेफ इंडिया के अधिकारी दिल्ली से पहुंचे। चौपाल में थीम अनुसार जन्म के 1000 सुनहरे दिवस, डायरिया प्रबंधन, तिरंगा भोजन और ओआरएस के उपयोग व जीवन रक्षक घोल के महत्व के संबंध में चर्चा की गई। चौपाल में गर्भवती माताओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

लहराते तिरंगे, बोल बम के नारे और राष्ट्रप्रेम की झांकी के साथ निकली सिंदूर तिरंगा कांवड़ यात्रा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव के साथ कांवड़यात्रियों ने गाया राष्ट्रगान

राजनांदगाँव/नवप्रदेश। सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर आज श्री बागेश्वर धाम मंदिर सिंदूर तिरंगा कावड़ यात्रा निकाली गई। शिवभक्ति के तेज व राष्ट्र प्रेम के जोश के साथ शिवभक्तों द्वारा निकाली गई कावड़ यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव के साथ कांवडय़ात्रियों भी शामिल हुए। शिवभक्ति की शक्ति व राष्ट्रप्रेम को एक धागे में पिरोकर शिवभक्तों द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा के दौरान तिरंगे लहराते रहे। बोल बम के नारे गूंजते रहे। कांवड़ यात्री हाथ में कांवड़ के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लिए हुए थे। कांवड़ यात्रियों के आगे डीजे पर शिवजी के भजनों के साथ देशभक्ति के गीत गूंज रहे थे। शिवमय व राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत वातावरण में कांवड़ यात्रियों के पीछे शिवभक्ति की शक्ति, राष्ट्रभक्ति का संगम लिए झांकी भी थी, जिसमें भगवान शिव तिरंगा लहराते हुए और भारतीय

सेना के तीनों अंगो थलसेना, जलसेना, वायुसेना के जवान चित्रित थे। सिंदूर विजय के साथ झांकी को तिरंगों से सजाया गया था। झांकी को सौरभ गुप्ता प्रतीक गुप्ता द्वारा संचालित किया जा रहा था।

आस्था के साथ राष्ट्रप्रेम की झांकी के साथ कावड़ यात्रा में श्री बागेश्वर धाम सेवक, पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, मयंक शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, सोहनलाल गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, राकेश ठाकुर व अन्य संस्थाओं के बागेश्वर धाम सेवक, इंटरनेशनल स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी, कसौंधन वैश्य प्रदेश महिला अध्यक्ष सुमन गुप्ता, गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा सहित अनेक धर्म समाज सेवी शामिल हुए। नंदई चौक पर विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत व अन्य पार्षदों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। शिवभक्ति के साथ राष्ट्र को समर्पित कांवड़ यात्रा में डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, प्रज्ञा गुप्ता, कांवड़ यात्री ने संस्कारधानी वासियों के साथ राष्ट्रगान जन-गण-मन गाया। श्री बागेश्वर धाम मंदिर में भगवान बागेश्वर शिव में कांवडय़ात्रियों द्वारा कांवड़ का जलअर्पण किया गया। महाआरती व राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ अगली सनातन प्रभु श्रीराम हनुमान कांवड़ यात्रा तक विराम दिया गया। श्री बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवकों द्वारा तीसरी 28 जुलाई को सनातन धर्म प्रभु श्रीराम-हनुमान कांवड़ यात्रा में संस्कारधानी के सभी सनातनी शिवभक्तों से शामिल होने का आग्रह किया है। यह जानकारी बागेश्वर मंदिर धमार्थ ट्रस्ट के सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

विद्युत समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया भिंभौरी में विद्युत कार्यालय का घेराव

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा के नगर पंचायत भिभौरी में कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव किया गया। रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छावड़ा भी शामिल हुए। इस दौरान आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकार को छत्तीसगढ़ में सत्ता संभाले हुए 2 वर्ष भी नहीं हुए हैं और इन दो वर्षों में भाजपा ने राज्य की जनता को चार बार विद्युत टैरिफ बढ़ाने की सौगात दी है।

नगर पंचायत भिभौरी बेरला और ग्रामीण अंचलों में चार से छह घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है। विद्युत बिलों में अनाप-शनाप बिलिंग की शिकायतें क्षेत्र से लगातार प्राप्त हो रही है। राज्य की भाजपा सरकार किसानों को ना तो खाद दे पा रही है और ना ही बिजली। भाजपा का काम केवल लूटने का है। आज बेमेतरा के भाजपा जनप्रतिनिधियों को बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के न प भिभौरी में हो रही विद्युत कटौती तथा अनाप-शनाप बिजली बिल की शिकायतें नहीं दिख रही हैं। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने विद्युत मंडल तथा शासन प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो कांग्रेस कार्यकर्ता इससे भी बड़ा प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बेरला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर देवांगन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि परगनिया, जिला कांग्रेस महामंत्री ललित विश्वकर्मा, शुभम वर्मा, नवाज खान, चन्द्र विजय धीवर नेतराम निषाद निहाल परगनिया रवि साहू निलेश वर्मा नरेंद्र धीवर प्रकाश यादव मोहित धीवर बुद्धदेव नेवल वीणा साहू विक्की साहू राजेंद्र वर्मा तुलाराम धीवर मोतीलाल साहू दुर्गेश साहू टीकम वर्मा किशन साहू भूषण साहू रास बिहारी कुर्रे भारत भूषण साहू सुमित राजपूत प्रवीण शर्मा जयंत जांगड़े बबली सोनवानी किशन साहू कृष्णा चतुर्वेदी दिगंबर परगनिया लोकनाथ यादव रमेश पाटिल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगर वासी उपस्थित रहे।

प्रियंका कुरंजेकर बनी अजा कन्या छात्रावास की अध्यक्ष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पोस्ट मेट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास एवं शास. पोस्ट मेट्रिक परियोजना कर्मचारी पुत्री कन्या छात्रावास बलदेव बाग के निगरानी समिति के अध्यक्ष हेतु नगर निगम की पार्षद प्रियंका पंकज कुरंजेकर को नामांकित किया गया है। छात्रावास में रहने वाले बालिकाओं के हितों के संरक्षण और संवर्धन हेतु समस्त छात्रावास में निगरानी समिति का गठन किया जाता है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि अपने दायित्व का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी। बच्चों की पढ़ाई, आवसीय परिसर की सफाई और बच्चों को मिलने वाली सुविधा व सुरक्षा में कोई कोताही नहीं की जाएगी। एसटी, एससी बच्चे अपने घरों से निकलकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। बच्चों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, इसके लिये विशेष ध्यान रखा जाएगा।

प्रथम पेज का शेष

'ऑपरेशन सिंदूर' पर...

इसके साथ ही तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 1975 के आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर चर्चा की मांग की है। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में बारिश और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा का आग्रह किया है।

मानसून सत्र सत्र 32 दिन तक चलेगा

बता दें कि संसद के मानसून सत्र के पहले दिन विपक्षी सांसदों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'पहलगाम आतंकी हमले' पर सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की थी, जिसके चलते लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी। लोकसभा की कार्यवाही बाधित होने को लेकर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस बार मानसून सत्र 21 जुलाई से लेकर 21 अगस्त तक चलेगा। यह सत्र 32 दिन तक चलेगा। इस दौरान 21 बैठकें होंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए संसद के दोनों सदन 12 अगस्त से 17 अगस्त तक स्थगित रहेंगे। इसके बाद 18 अगस्त को सत्र फिर से शुरू होगा।

ईडी का दावा-शराब घोटाले ...

को घोटाले की रकम में से करीब 16.70 करोड़ रुपये मिले। उसने इस रकम का इस्तेमाल रियल एस्टेट फर्मों में किया। घोटाले की रकम का उपयोग उसके रियल इस्टेट प्रोजेक्ट के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के विरुद्ध बैंक प्रविष्टियाँ आदि के माध्यम से किया गया था। उसने होटल व्यवसायी त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ भी मिलीभगत की।

ईडी के अफसरों ने बताया कि चैतन्य ने अपनी कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया जिसके अनुसार उसने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने विट्ठलपुरम प्रोजेक्ट में फ्लैटों की खरीदी की। इसकी आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपये प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल से पता चलता है कि संबंधित लेन-देन की अवधि के दौरान त्रिलोक सिंह ढिल्लों को अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त हुआ था।

इसके अलावा त्रिलोक सिंह ढिल्लो पर शराब घोटाले से 1000 करोड़ रुपये से अधिक की घोटाले की रकम (पॉवर ऑन द ऑर्डर) को संभालने का भी आरोप लगा है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को घोटाले की रकम भेजने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे।

ईडी की जाँच से पता चला है कि शराब घोटाले से प्राप्त रकम को आगे निवेश के लिए बघेल परिवार के प्रमुख सहयोगियों को सौंप दिया गया था। घोटाले की रकम से संबंधित आगे भी जाँच चल रही है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आईटीएस अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर को ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। इस पूरे मामले में आगे की जाँच चल रही है।

शराब-घोटालाः सीए समेत ...

है। संजय और मनीष ने नेक्स्टजेन पावर कंपनी बनाई और एफएल 10 लाइसेंस लेकर राज्य में महंगी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की सप्लाई करते थे। इससे पहले 18 जुलाई को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर ईडी ने छापेमारी की थी। चैतन्य बघेल को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया है।

ईडी कार्रवाई के खिलाफ...

करना है। पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य बघेल को साजिश के तहत झूठे आरोपों में फंसाया गया है। इस चक्का जाम के दौरान जिलों में प्रमुख सड़कों, चौराहों और व्यापारिक क्षेत्रों में यातायात रोका जाएगा। वहीं कांग्रेस के बड़े नेता भी इस आंदोलन में शामिल होंगे।

रायपुर में यहां होगा चक्का जाम

रायपुर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि रायपुर के मैग्नेटो मॉल के सामने नेशनल हाईवे को जाम किया जाएगा। इसी के साथ ही रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में धरसींवा में चक्का जाम करेंगे।

कांग्रेस ने चक्का जाम के लिए इन नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी- छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने 22 जुलाई को होने वाले प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी (चक्का जाम) को सफल बनाने के लिए राज्य के अलग-अलग नेशनल हाईवे पर सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

नाबालिग से छेड़छाड़ और भाई से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। नाबालिक के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तरेगांव जंगल पुलिस ने बताया कि 19 जुलाई को 17 साल की नाबालिक निवासी गथाना तरेगांव जंगल अपने भाई के साथ बुआ के घर बसनी से लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में दो युवकों ने उसके साथ मारपीट की।

पुलिस के अनुसार अनुज धुर्वे (20 वर्ष) और राधेलाल झारिया (24 वर्ष) मध्यप्रदेश के मंडला जिले के ग्राम सुनहेरा, थाना मवई के निवासी हैं। दोनों युवक नाबालिक का पीछा करते हुए बनगौरा के जंगल में आम रास्ते पर पहुंचे। आरोपियों ने पीड़िता और उसके भाई को रास्ते में रोका और गंदी-गंदी गालियां दीं। जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़िता के भाई को भी पीटा। आरोपियों ने पीड़िता का गलत नीयत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। इस मामले में पीड़िता ने अपने भाई के साथ थाना तरेगांव जंगल में इस घटना की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL BIJAPUR, DIST. BIJAPUR (C.G)

S.NO./465/NPP/PWD/2025-26 Bijapur, Dated- 21/07/2025

e-procurement Tender Notice (2nd CALL)

Online Bids invited from Registered Contractors under CG PWD Details as follows-

S. No.	System Tender No.	Name of Work	Probable amount of Contract (in Lacs)	Earnest Money Deposit	Bid start & Last date & Time for download Tender
1	172428	CONSTRUCTION OF CC ROAD, OLD BUS STAND TO TEHSIL ROAD WARD NO. 09 & 10 BIJAPUR	10.65	8000.00	Bid start date/time 21/07/2025, Time 17:30 (IST) Last date/ time for download Tender 05/08/2025, Time 17:30 (IST)

The Details can be viewed and downloaded online directly from http://eproc.cgstate.gov.in

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL BIJAPUR
DIST.-BIJAPUR (C.G.)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | दैवेन्द्र नगर, रायपुर, धावला कॉम्प्लेक्स देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-228700/ 4280790

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	प्रकार / बकाया ऋण	संपत्ति का विवरण
श्रीमती रीता बाग पत्नी श्री उझाबो बाग (ऋणी), श्री. उझाबो बाग पुत्र धनु बाग (सह-ऋणी)। दोनों का पता: 294 के पास, बालाजी चौक इडब्लूआरएस कॉलोनी, समताराई, विद्यवनगढ़, रायपुर, छ.ग. 492008, यह भी: आरडीएस कॉलोनी, फाफाडीह, रायपुर, छ.ग. 492001	TERM LOAN ₹ 3,12,868.58 + ब्याज व अन्य शुल्क उसके बाद लागू होंगे एनपीए तिथि: 30.01.2025	श्रीमती रीता बाग पत्नी श्री उझाबो बाग के नाम पर ख. नं. 262/7, 263/7, 270/7 का भाग, पन.ह.नं. 107, टाटकर बाया वार्ड नं. 68, मौजा- गुढ़ियारी, तहसील एवं जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 403 वर्ग फुट में स्थित संपत्ति।
1. श्री प्रदीप कुमार देवांगन पुत्र श्री गणपतलाल देवांगन, 1. श्रीमती. पुष्पा देवांगन पत्नी श्री प्रदीप कुमार देवांगन। पता: म.नं. 52/1711, लालीनगर, सुभीर मुखर्जी वार्ड क्र. 65, रायपुर, 492001 यह भी: अमलेश्वर, प्रति नगर, पाटन, जिला- दुर्ग, छ.ग. 491111	TERM LOAN ₹ 6,39,792.29 + ब्याज व अन्य शुल्क उसके बाद लागू होंगे एनपीए तिथि: 01.05.2025	श्री प्रदीप कुमार देवांगन पुत्र स्व. श्री गणपत लाल देवांगन के नाम पर खसरा नं. 696/33 (भाग), प.ह.नं. 05, मौजा- अमलेश्वर, भिलाई-3, तहसील, पाटन, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 573.1 वर्ग फुट में स्थित मकान नं. 8-11 सहित अचल संपत्ति की समस्त भाग व अंश।

[illegible]

दिनांक: 21.07.2025, स्थान: रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/ यूको बैंक

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22347 दिनांक 21.07.2025
वार्ड का नाम- 25- संत रामदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR819A0197F जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DANWATI/ SEJA BAI/ GOKUL पिता/पति/श्री/ श्रीमती gokul के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **बिमला, राजेश** पिता/पति/ श्री/श्रीमती **नारायण वर्मा** ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सह पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख अनुसार/ **पंजीकृत बंटवारानामा, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवर संधारण भूखण्ड की सामान्य जानकारी** वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग जोन क्रमांक -05
E mail:- zonefivebhilai@gmail.com

क्र./लो.क.वि./जोन क्र. 05/2025/2976/147 भिलाई, दिनांक 17/07/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 विद्युत एस.ओ.आर. 01.07.2015/ 01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन अंतिम तिथि 30.07.2025 को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा प्राप्ति की तिथि- दिनांक 07.08.2025 सायं 5.30 बजे तक निविदा खोले जाने की तिथि- दिनांक 08.08.2025 प्रातः 11.00 बजे।
नोट :- निविदादाता लिफाफा में पत्र व्यवहार का पूर्ण पता अनिवार्य रूप से अंकित करें।

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	जोन क्र. 05 अंतर्गत वार्ड क्र. 69 एवं 70 अंतर्गत बैक लाइन एव मेन लाइन के विभिन्न स्थानों में सीवर लाईन तथा चैम्बर संधारण कार्य (मूलभूत मद)	3.66	4000.00	750.00	90 दिन
2	वार्ड 66 सेक्टर 07 स्थित शिवधाम तालाब का संधारण कार्य (मूलभूत मद)	2.88	3000.00	750.00	45 दिन
3	वार्ड 64 राजेश सुपर मार्केट के सामने ट्रांसफार्मर के पास छोटे उद्यान का निर्माण कार्य।	3.98	4000.00	750.00	60 दिन
4	वार्ड 70 भारत माता उद्यान का संधारण कार्य।	1.51	2000.00	300.00	45 दिन
5	स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेक्टर 09 में डस्ट प्रदाय एवं फैलाने का कार्य।	0.99068	2000.00	300.00	30 दिन

(1) उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

कार्यालय मुख्य अभियंता,
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 19.07.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. दिनांक	सिस्टम आई.डी. क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित
1.	77/CE/NH/TC 44-58/2025 (1st Call)	2025_MoRTH_869702_1	B.T. & WMM ROAD REPAIR WORK OF EXISTING ROAD SECTION BADKIMAHRI TO RAMANUJGANJ KM 80.600 TO 110.00=29.400 KM OF AMBIKAPUR RAMANUJGANJ GARHWA ROAD N.H.-343 UNDER RISK AND COST	Rs. 384.77 Lacs

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.07.2025 शाम 17.30 बजे तक है।

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 252602315/6

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
जोन क्रमांक -8

मैनुवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 21/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 08/ 2025 रायपुर, दिनांक 21/07/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक-8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28/07/2025 दिन सोमवार सायं 5.00 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 04/08/2025 दिन सोमवार।
3. जोन आयुक्त कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 08 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्रि-लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11/08/2025 दिन सोमवार सायं 5.30 बजे तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक 18.08.2025 दिन सोमवार को प्रातः 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	एस.ओ.आर.	फार्म का प्रकार
1	संत रविदास वार्ड सरोना के.पी.एस. विद्यालय के पास विश्वकर्मा समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण।	7.65	6000.00	750.00	06 माह	P.W.D. S.O.R 2015	A
2	जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड क्र. -01, 20 एवं 21 में पेयजल पाईप लाईन लिकेज मरम्मत कार्य।	3.50	3500.00	750.0	03 माह	P.H.E. S.O.R 2020	A
3	माधवराव सप्रे वार्ड क्र.-69 अंतर्गत विसर्जन कार्य में गोताखोर की व्यवस्था कार्य।	3.61	4000.00	750.00	04 माह	Coll. Rate	A
4	माधवराव सप्रे वार्ड क्र.-69 अंतर्गत विसर्जन कार्य में व्यवस्थायें कराने जाने का कार्य।	8.00	6000.00	750.00	04 माह	ITEM RATE	B

निविदा की शर्तें :-
1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई पंजीयन प्रमाण पत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंसी 4. बैंक पासबुक की छायाप्रति 5. GST प्रमाण पत्र GST Return (विगत 3 माह) 6. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 7. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. जीवित होना आवश्यक है। 8. त्रि लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2 कार्य क्रमांक -03 हेतु उपरोक्त दस्तावेज के साथ-साथ लेबर पंजीयन/EPF/ESIC पंजीयन प्रमाण पत्र एवं GSTR Return (विगत 3 माह) आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3 टीप :- अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम, रायपुर

माइनस 16 डिग्री में 12500 फीट में चढ़ाई कर 30 लोगों की टीम के साथ यशवंत ने लहराया था तिरंगा

अब वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम, मिला प्रमाण पत्र, कलेक्टर ने भी किया सम्मानित

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के एक युवा पर्वतारोही यशवंत टंडन को पर्वतारोहण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें अपने 3 साल पहले किए गए लगभग 12500 फीट की ऊंचाई पर चढ़ाई में सफलता के लिए अब उनका ना वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। इसका प्रमाण पत्र उन्हें हाल ही में प्राप्त हुआ है। जिसकी जानकारी मिलने पर स्थानीय कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने भी उन्हें कलेक्ट्रेट में प्रमाण पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया। यशवंत पर्वतारोहण के क्षेत्र में विगत कई साल से मेहनत कर रहे हैं और अलग-अलग जगह पर जाकर अपना परचम लहरा रहे। जिस उपलब्धि के लिए उनका नाम वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है, वह 2022 जनवरी में की गई मेहनत है। जिसमें माइनस 16 डिग्री के तापमान में 12500 फीट ऊंचाई पर चढ़ाई करते हुए उत्तराखंड के केदरकंठा पर्वत में यशवंत टंडन ने 30 प्रतिभागियों के साथ मिलकर 280 फीट का लंबा भारतीय ध्वज (तिरंगा) फहराया था। इन 30 लोगों की पूरे समूह का वर्ल्ड वाइड बुक का रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया है। जिसके तहत प्रत्येक प्रतिभागी को अलग-अलग प्रमाण पत्र मिला है।

कहां के हैं यशवंत : यशवंत ,बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत अर्जुन्दा ब्लाक से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम डुडिया के निवासी हैं । उनके पिता हूबलाल टंडन एक किसान और मनरेगा में मेट का काम करते हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में यशवंत टंडन का नाम वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकार्ड में विश्व रिकॉर्ड धारक के रूप नाम दर्ज होने के उपलक्ष्य में प्रमाण पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने यशवंत को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर मिश्रा ने यशवंत टंडन की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यशवंत टंडन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। वहीं यशवंत टंडन ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और वे इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम मानते हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी अपनी पर्वतारोहण की यात्रा जारी रखेंगे और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

आखिर कैसे दर्ज हुआ यशवंत का नाम विश्व रिकॉर्ड में

वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर यशवंत कुमार टंडन ने बताया कि दिल्ली से मान्यता प्राप्त भारतीय साहसिक संस्थान इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में स्थित केदारकंठा नेशनल विंटर ट्रैकिंग कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें 12500 फीट ऊंची चोटी केदारकंठा ट्रैक पर माइनस -16 डिग्री सेल्सियस तापमान पर अपनी टीम के साथ 280 फीट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लहराकर टीम के साथ अपना नाम वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया और इतिहास रचा।

अब तक यशवंत की ये हैं प्रमुख उपलब्धियां

1. उत्तराखंड के नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक ऊंचाई 8622 फीट.
2. उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित केदारकंठा ट्रैक 12500 फीट ।
3. हिमाचल प्रदेश के शिमला की सबसे ऊंची चोटी जाखू टेंपल 9500 फीट ।
4. हिमाचल प्रदेश के मनाली में स्थित माउंट फ्रेंडशिप पीक एडवांस बेस कैंप 2900 मीटर।
5. छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा 1225 मीटर।

न्यूज़ गैलरी

मुख्यमंत्री ने आवास में निपटाया शासकीय कामकाज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज निवास स्थित कार्यालय में बैठकर शासकीय कामकाज निपटाया। बताया जाता है कि सत्र एवं जनजागरूकता अभियान के समय जिन कलेक्टरों एवं अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली है उनके ऊपर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। शासकीय प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री मानसून सत्र के पहले जनजागरूक अभियान सहित अन्य कामों में काफी व्यस्त हो गये थे। सत्र के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना भारत माला, मनरेगा तथा महिला बाल विकास में रेडी टू ईट सहित अन्य शिकायतें मिली थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन कलेक्टर एवं अधिकारियों के विरुद्ध गंभीर शिकायतें मिली थी उन्हें हटाने का वादा जनता से मुख्यमंत्री से किया था अब वे उसे अंजाम देंगे।

गुरुर शिक्षा विभाग के ऑफिस में नवविवाहित युवक ने लगाई फांसी

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक स्वीपर के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना सोमवार सुबह ही सामने आई है। जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप सा मच गया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल अभी खुलासा तो नहीं हो पाया है। आगे गुरुर पुलिस छानबीन में जुटी भी है। बताते हैं कि मृतक का नाम सतीश यादव है। तो वहीं उनकी माता लक्ष्मी यादव जो की उक्त ऑफिस में सफाई कर्मचारी है, उनके बदले में वह कुछ दिनों से काम पर आ रहा था। मृतक ने सरकारी दफ्तर में इस तरह से फांसी लगाई है जो कई सवाल खड़े करती है। पुलिस पूछताछ में आगे और कुछ खुलासे हो सकते हैं। बीईओ कार्यालय में सतीश यादव उम्र करीब 27 वर्ष ने बीती दरम्यानी रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतक सतीश यादव बीईओ कार्यालय में कार्यरत स्वीपर लक्ष्मी यादव का बेटा था। अभी स्वीपर हड़ताल में थे, इसलिए साफ सफाई के नाम से उनका बेटा सतीश यादव कुछ हफ्तों से अस्थाई तौर पर काम पर आ रहा था। सतीश ने यह कदम क्यों उठाया अभी पुलिस जांच का विषय है। मृतक ने एबीईओ के कक्ष में पंखे पर गमछा के सहारे लटक कर फांसी लगाई है जानकारी के मुताबिक कुछ महीने पहले ही उसकी शादी हुई है । उनकी पत्नी को ससुराल वाले तीजा लेने के लिए कुछ दिनों बाद आने वाले थे।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ब्राम्हणपारा निवासी सूरज शर्मा 25 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचटी 8066 को दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर 29 नवा रायपुर निवासी दीपक कुमार साहू 28 वर्ष ने राखी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीआर 4010 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने की अपील

- बैज बस्तर का मोर्चा संभालेंगे
- आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने प्रभारियों की नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा देश के आर्थिक संसाधनों को निजी क्षेत्र में सौंपने के विरोध में आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश स्तर पर 22 जुलाई को की जाएगी। दीपक बैज बस्तर में मोर्चा संभालेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि राज्य में आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त कर दिये गये है। रायपुर में धनेंद्र साहू, शिव डहरिया, शैलेष नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा सहित अन्य नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने जिला कांग्रेस रायपुर की बैठक ,सफल बनाने रणनीति में संयुक जिम्मेदारी सौंपी गई,जिस प्रकार से पूरे देश में विरोधियों खासकर विपक्ष के मजबूत,प्रभावशाली नेताओं को सरकारी एजेंसियों के माध्यम से दबाव डाल कर अपने मित्रों के खिलाफ आवाज को बंद कराने का बल पूर्वक साजिश कर रहे है जिस प्रकार कवासी लखमा,देवेंद्र यादव सहित अभी चैतन्य बघेल के माध्यम से भूपेश बघेल को दबाना चाहते है पूरे कांग्रेस पार्टी के नेताओं को जो भी आवाज उठाते है उसे दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ते खास उद्योगपति मित्रो के मामले में इसके विरोध में जिला रायपुर के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग,राजमार्ग,जिला मार्ग सभी को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

अभनपुर, आरंग, धरसीवा, बीरगांव, तिल्दा, सहित विभिन्न कस्बाई क्षेत्रों में भी आंदोलन के साथ चक्का जाम किया जाएगा आज की बैठक में सफल बनाने सभी ब्लॉकों में भी बैठक करके सफल बनाने ठोस निर्णय लिया जाएगा सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित वरिष्ठ नेताओं को अपने अपने क्षेत्रों की जिम्मेदारी दिया गया है। आज की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक में पूर्व सांसद छाया वर्मा,गिरीश देवांगन, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा, नंदलाल देवोगन, योगेंद्र सोलंकी, भावेश बघेल, दुर्गेश वर्मा, कोमल साहू, विद्याभूषण सोनवानी, सौरभ मिश्रा, सौरभ शर्मा, गिरधारी साहू, देवव्रत ,अश्वनी वर्मा, जितेंद्र चंद्राकर, राजू शर्मा, अविनाश नियाल, दिलदार कुमरे, सुनील सोनी, गजानंद वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

प्रदेश में बलरामपुर में सर्वाधिक और बेमेतरा में सबसे कम बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 446 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 739 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 241 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 438 मिमी, बलौदाबाजार में 439 मिमी, गरियाबंद में 374 मिमी, महासमुंद में 394.5 मिमी और धमतरी में 372.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 471 मिमी., मुंगेली में 513 मिमी, रायगढ़ में 571 मिमी, जांजगीर-चांपा में 598 मिमी, कोरबा में 517 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 440 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 437 मिमी, सक्ती में 539 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 368 मिमी, कबीरधाम में 333 मिमी, राजनांदगांव में 361 मिमी, बालोद में 439 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 522 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 311.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 351.6 मिमी, सूरजपुर में 569 मिमी, जशपुर में 546 मिमी, कोरिया में 532 मिमी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 490 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

चूड़ामणी वार्ड में अनेक विकास कार्यों महापौर ने किया लोकार्पण

- वार्ड के युवा महिलाओं एवं नन्हीं बालिकाओं को भी किया गया शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष और शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद दीपक जायसवाल, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा, स्वामी आत्मानंद वार्ड के पार्षद आनंद अग्रवाल सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकत्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों, बच्चों की उपस्थिति में रायपुर पश्चिम बिधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 8 कार्यों का 1 करोड़ 8 लाख रूपये की स्वीकृत लागत वाले विभिन्न 8 नवीन विकास कार्यों का एकमुश्त लोकार्पण कर जनता को अनुपम सौगात दी है.

आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयोजन में नए विकास कार्यों के लोकार्पण हेतु वार्ड 37 में सभी 8 विभिन्न स्थानों पर नन्ही कन्याओँ का हल्दी कुमकुम लगाकर गृह प्रवेश करवाने की तर्ज पर जनता हेतु लोकार्पण किये जाने की पद्धति की चर्चा करते हुए प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सराहा और कहा कि उन्होंने नन्ही कन्याओँ को हल्दी कुमकुम लगाकर गृह प्रवेश करवाने द्वश तर्ज पर लोकार्पण करवाने की पद्धति शासकीय कार्य में आज पहली बार देखी है. लोकार्पण हेतु ऐसी पद्धति नगर पालिक निगम रायपुर का एक सराहनीय कार्य है.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में 1 करोड़ 8 लाख के नए विकास कार्यों की एकमुश्त लोकार्पण सौगातें मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री दीपक जायसवाल की सक्रिय और जागरूक कार्यशैली को सराहा. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी नागरिकों को सावन के पवित्र मास की हार्दिक शुभकामनायें दीं.

रेत का भाव आसमान छू रहा, भवन बनाने वाले परेशान

- ईटें का भी रेट बढ़ा, रेत का पारागांव, महासमुंद में अवैध भंडारण

रायपुर/नवप्रदेश। बरसात लगते ही राजधानी में रेत और ईटें का भाव आसमान छू रहा है जिसके कारण भवन निर्माता काफी परेशान है। इधर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी अपना काम रोकने के लिए मजबूर है। बड़े ठेकेदारों एवं आपूर्ति कर्ताओं ने राजधानी के विभिन्न घाटों के पास रेत का भंडारण कर लिया है जिससे वे लाखों की कमाई कर रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में इस समय मोटा रेत तथा बारिक रेत का भाव दस हजार रुपये हाइवा से बढ़कर 24 हजार रुपये प्रति हाइवा हो गया है जिसमें 250 फीट रेती आती है। भवन निर्माण आपूर्ति कर्ताओं का कहना है कि बड़े ठेकेदारों ने सरपंच तथा खनिज अधिकारियों से सांठगांठ कर ग्राम पारा गांव जौंदी जौंदा तथा महासमुंद के पास भंडारण कर लिया है जिसे वे बेच रहे हैं। बरसात लगते ही नदियों में जल स्तर बढ़ जाता है इसलिए गर्मी में रेत का भंडारण कर लिया जाता है। ईटें का रेट दो हजार नग प्रति ट्राली 11 सौ से बढ़कर 15 सौ रुपये हो गया है। भवन निर्माण में उपयोग में आने वाले सीमेंट का आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस समय सभी सीमेंट संयंत्र सीमेंट को बाहर भेज रहे हैं जिसके कारण स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। ख्यातिनाम ब्रांड के सीमेंट नहीं मिल रहे हैं। इस समय अल्ट्राटेक और एसीसी सीमेंट का मांग ज्यादा है।

भवन निर्माण आपूर्ति कर्ताओं के अनुसार लोहे का रेट सामान्य है यहां पर लोहे का रेट पांच हजार से लेकर 55 सौ प्रति क्विंटल की दर से बढ़ते घटते रहता है। वहीं गिट्टी तथा बजरी का भी रेट घटते बढ़ते रह रहा है। शहरीय तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण तेजी से हो रहा है। यहां पर हितग्राही भवन सामाग्री लेने के लिए परेशान है शहर में तीन किस्तों में पैसा दिया जाता है।

जनसंपर्क दिवस पर, राष्ट्रीय पीआर कॉनक्लेव का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। जनसंपर्क दिवस पर बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पीआर कॉनक्लेव का आयोजन कियाग या। जिसका उद्देश्य कनेक्ट कम्युनिक्रि येट चीन पर आधारित था। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कान्क्लेव को कनेक्टकॉन 2025 का दर्जा दिया गया। पीआईबी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सेल भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के जनसंपर्क विभाग ने विश्व जनसंपर्क दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भिलाई निवास में राष्ट्र स्तरीय पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन–20250 का आयोजन किया। 'कनेक्ट. कम्युनिकेट. क्रिएट. थीम पर आधारित इस एकदिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चितरंजन महापात्र ने कार्यपालक निदेशकों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनसंपर्क अब केवल प्रेस ब्रीफिंग तक सीमित न रहकर संस्थागत विकास का रणनीतिक आधार बन चुका है।

साहित्यकार पयोधि भोपाल में हुए सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीनारायण पयोधि को कल रविवार 20 जुलाई को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय जीवन शैली समारोह में सम्मानित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के खेल, युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग थे. उन्होंने पयोधि को 'जगदीश गुरु साहित्यकार सम्मान 'से अलंकृत किया. विभिन्न विधाओं में पयोधि की 56 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. उल्लेखनीय है कि पयोधि मूल रूप से छत्तीसगढ़ के भोपालपटनम के निवासी हैं। साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री बलदाऊ राम साहू ने बताया कि सम्मान समारोह डॉ.गांगुली योग विद्यापीठ, भोपाल द्वारा कमला पार्क भोपाल स्थित आचार्य नरेन्द्रदेव पुस्तकालय में आयोजित किया गया. साहित्यकार श्री पयोधि को यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उनकी लगातार सृजन -सक्रियता और विशेष उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया.

भूतेश्वरनाथ में भक्तों की रेला

- रविवार को गाड़ियों की लगी लंबी लाइन

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व के विशालतम शिवलिंगो में एक स्वयंभू भूतेश्वरनाथ शिवलिंग है जो गरियाबन्द जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थापित है। यह ऐसा शिवलिंग है जिसके बारे में मान्यता है कि इसकी ऊंचाई हर साल बढ़ते ही जा रहा है, जो हरे भरे प्राकृतिक वादियों के बीच अदभुत अकल्पनीय सा दिखता यह शिवलिंग पूरे छत्तीसगढ़ के शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बन गया है। सावन के महीने में छत्तीसगढ़ सहित दीगर राज्यों से भी भक्त जल लेकर भगवान शिव को अर्पित करने पहुचते हैं, और भोले बाबा भी उनकी मन मांगी मुराद जरूर पूरी करते हैं। यही कारण है कि बीते 15 से 20 वर्षो में यहां पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में कई गुना बढ़ गई है।

गरियाबंद में विराजित विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ में सावन के महीने में जलाभिषेक करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। ऐसी मान्यता है कि यह शिवलिंग हर साल अपने आप में बढ़ता जा रहा हैं, नंगे पांव मीलो दूर से आते है भोले के भक्त.यहां हर वर्ष सावन माह पर्व पर जल अर्पित करते हैं। यहां पर दूर दराज से भक्त आकर महादेव की अराधना करते हैं। सावन माह के समय शिव भक्त अनायास ही गरियाबंद की ओर खिंचे चले आते है और एक लोटा जल चढाकर अपनी सारी चिंताओं को त्याग कर भूतेश्वरनाथ की शरण में पहुंच जाते है। घने जंगलो के बीच बसा है ग्राम मरौदा सुरम्य वनों एवं पहाडियों से घिरे अंचल में प्रकृति प्रदत्त विश्व का सबसे विशाल शिवलिंग विराजमान है। जहा हर वर्ष भक्तो की भीड़ तो बढ़ रही है भी उन भक्तो के मनोरंजन के लिए रामायण भागवत व भक्ति गीतों के साथ नगर के युवाओं द्वारा हर वर्ष संगीत मय लेजर लाइट का भी आयोजन किया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com